मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 166
मंगलवार, 31 दिसम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## भारत का रक्षा निर्यात एक दशक में 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गयाः राजनाथ सिंह

**महू (मध्यप्रदेश), 30 दिसम्बर ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात एक दशक पहले के दो हजार करोड़ रुपये से बढ़कर रिकॉर्ड 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। दो शताब्दी से अधिक पुरानी महू छावनी में आर्मी वॉर कॉलेज (एडब्ल्यूसी) में अधिकारियों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि रक्षा निर्यात 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि लगातार बदलते समय में सीमांत प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करना समय की मांग है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सैन्य प्रशिक्षण केंद्र भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए सैनिकों को सुसज्जित और तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सिंह ने कहा, एक दशक पहले हमारा रक्षा निर्यात करीब दो हजार करोड़ रुपये था, जो आज 21 हजार करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। हमने 2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि भारत में निर्मित उपकरण दूसरे देशों को निर्यात किए जा रहे हैं। सिंह ने अपने भाषण में युद्ध में आमूलचूल परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि सूचना युद्ध, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित युद्ध, छद्म युद्ध, अंतरिक्ष युद्ध और साइबर हमले जैसे अपरंपरागत तरीके बड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। उन्होंने इस तरह के हमलों से लड़ने के लिए सेना को अच्छी तरह से प्रशिक्षित और सुसज्जित करने की आवश्यकता पर बल दिया और महू में प्रशिक्षण केंद्रों के बहुमूल्य योगदान की सराहना की। सिंह ने बदलते समय के अनुसार प्रशिक्षण




पाठ्यक्रम में लगातार सुधार करने और कर्मियों को हर तरह की चुनौती के लिए तैयार करने की कोशिश करने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों की सराहना की। रक्षा मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण और संयुक्तता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में सशस्त्र बल बेहतर और अधिक कुशल तरीके से चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होंगे। सिंह ने कहा कि महू छावनी में सभी शाखाओं के अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। सिंह ने कहा कि भविष्य में अधिकारी को वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा, जब आप रक्षा से सम्बद्ध पद संभालते हैं, तो आपको सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आत्मसात करना चाहिए। आत्मनिर्भरता के माध्यम से ही भारत अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर सकता है और विश्व मंच पर अधिक सम्मान प्राप्त कर सकता है। रक्षा मंत्री रविवार से मप्र के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार भारत को दुनिया की सबसे मजबूत आर्थिक और सैन्य शक्तियों में से एक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब सुरक्षा पर पूरा ध्यान दिया जाए। इसी तरह, सुरक्षा व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। सिंह ने सीमाओं की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देने में सशस्त्र बलों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, राष्ट्र की रक्षा के लिए यह समर्पण और लगातार बदलती दुनिया में खुद को अद्यतन रखने की यह भावना हमें दूसरों से आगे ले जा सकती है। एडब्ल्यूसी में, सिंह को कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एचएस साही ने संघर्ष के सभी क्षेत्रों में युद्ध लड़ने के लिए सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षित करने और सशक्त बनाने की दिशा में संस्थान की भूमिका और महत्व के बारे में जानकारी दी। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि रक्षा मंत्री को बहु-क्षेत्रीय अभियानों में संयुक्तता, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी के समावेश और अधिकारियों के प्रशिक्षण के साथ-साथ शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों और उद्योगों के साथ किए जा रहे आदान-प्रदान कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण पद्धति में महत्वपूर्ण कदमों के बारे में भी जानकारी दी गई।

## आप सत्ता में लौटने पर ग्रंथियों और पुजारियों को 18,000 रुपये प्रतिमाह देगीः अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली, 30 दिसम्बर।** आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये मासिक भत्ता देने का वादा करते हुए सोमवार को घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी दिल्ली में दोबारा सत्ता में आती है तो पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना शुरू की जाएगी।

यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब दिल्ली में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन चुनावों में आप लगातार चौथी बार सत्ता में बने रहने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने कहा, पुजारी और ग्रंथी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, लेकिन उनकी अक्सर उपेक्षा



की जाती है। देश में पहली बार, हम उन्हें समर्थन देने के लिए एक योजना शुरू कर रहे हैं जिसके तहत उन्हें 18,000 रुपये का मासिक भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए पंजीकरण कल यानी मंगलवार से शुरू होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह मंगलवार को कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाकर वहां पुजारियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे।

## सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए किसी को भुगतान नहीं करें : ममता बनर्जी

**संदेशखली (पश्चिम बंगाल), 30 दिसम्बर।** तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेताओं द्वारा कथित तौर पर जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर इस साल की शुरूआत में हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद संदेशखली के पहले दौरे पर पहुंचीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्थानीय लोगों से कहा कि वे किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए किसी को भी भुगतान न करें। बनर्जी ने सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता करने के लिए उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन की सीमा पर स्थित द्वीप का दौरा किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, हम जो कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं, उनके लिए किसी को पैसे न दें। ये कार्यक्रम सरकार द्वारा चलाए जाते हैं और पैसा राज्य का है। आपको सीधे अपने बैंक खातों के माध्यम से लाभ मिल रहा है। इसे याद रखें। पैसा लोगों का है। यह आपका अधिकार है। उन्होंने स्थानीय महिलाओं से भी आग्रह किया कि अगर कोई उन्हें किसी कारण से बुलाता है तो वे ध्यान न दें। बनर्जी ने आरोप लगाया कि संदेशखली में विरोध प्रदर्शन को भड़काने के लिए भारी मात्रा में धन का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा, मैं आपसे कहूंगी कि साथ रहें। शरारती लोगों से सावधान रहें और अगर कोई बुलाये तो महिलाओं को नहीं जाना चाहिए। अगर आप राज्य द्वारा संचालित किसी योजना के लिए पंजीकरण चाहते हैं, तो दुआरे सरकार आपके पास आएगी। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि आंदोलन के पीछे एक बड़ा खेल था और पैसे का खेल चल रहा था। बाद में लोगों को एहसास हुआ कि पूरा मामला झूठ था। सच्चाई आखिरकार सामने आ ही जाती है। इस साल की शुरूआत में संदेशखली में स्थानीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं द्वारा कथित तौर पर जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न को लेकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे।

बनर्जी ने कहा, मैं इन चीजों को ध्यान में नहीं रखना चाहती। मैं चाहती हूं कि संदेशखली तरक्की करे और स्थानीय लड़कियां और लड़के सफलता हासिल करें।

## नवयुग सुरंग का नाम मनमोहन सिंह के नाम पर रखा जाना चाहिए : उमर अब्दुल्ला

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश के विकास में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के योगदान को देखते हुए कश्मीर को जम्मू क्षेत्र से जोड़ने वाली नवयुग सुरंग का नाम उनके (सिंह के) नाम पर रखा जाना चाहिए। अब्दुल्ला ने यहां संवाददाताओं से कहा, श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर दो सुरंग हैं। एक का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा गया है। दूसरी सुरंग (नवयुग) का नाम मनमोहन सिंह के नाम पर रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंह ने जम्मू-कश्मीर के विकास एवं कल्याण के लिए जबरदस्त योगदान दिया था। सिंह का तीन दिन पहले निधन हो गया था।

## अगले साल युवा सशक्तीकरण और शिक्षा में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगाः पेमा खांडू

**ईटानगर, 30 दिसम्बर।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राज्य के विकास और समृद्धि के लिए युवा सशक्तीकरण और शिक्षा क्षेत्र में सुधार आवश्यक है तथा उनकी सरकार 2025 में इन क्षेत्रों में सुधार पर ध्यान केंद्रित करेगी। राज्य सरकार ने अपने बजट में 2024-25 को युवाओं का वर्ष घोषित किया है। खांडू ने कहा कि सरकार का यह कदम राष्ट्र एवं राज्य को आकार देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। मुख्यमंत्री ने कहा युवाओं का वर्ष दशार्ता है कि विकसित भारत और विकसित अरुणाचल के निर्माण में हमारे युवाओं की बड़ी जिम्मेदारी को हम पहचानते हैं।उन्होंने कहा



कि यह कदम सत्तारूढ़ पार्टी के चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों के अनुरूप है। युवाओं के वर्ष का एक प्राथमिक उद्देश्य युवा पीढ़ी में उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना है। सरकार का लक्ष्य विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से एक मजबूत उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। खांडू ने कहा, हमारी सरकार युवाओं को उद्यमशीलता के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराएगी और कौशल विकास कार्यक्रमों पर जोर देगी।

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एपीईडीपी) पहले ही शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से भारतीय प्रबंधन संस्थान और भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) गुवाहाटी जैसी संस्थाओं को जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र एक और ऐसा प्रमुख क्षेत्र है जिस पर सरकार ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य अगले तीन वित्त वर्षों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर बुनियादी ढांचे और छात्रों को बेहतर अवसर सुनिश्चित कराने के लिए परिवर्तनकारी बदलाव करने की योजना बना रहा है। खांडू ने कहा, मौजूदा चुनौतियों से निपटने के लिए शिक्षा मंत्री पी डी सोना और उनके सलाहकार मुचू मिथी के नेतृत्व में राज्य भर में विचार-मंथन सत्र आयोजित किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार केवल राज्य की साक्षरता दर में सुधार करने के बजाय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार दो लोगों की मौत

**बिजनौर।** बिजनौर जिले के शेरकोट क्षेत्र में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से कार सवार दो लोगों की मौत हो गयी और इतने ही अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।अफजलगढ़ के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि 29-30 दिसंबर को देर रात करीब एक बजे शेरकोट थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर उत्तराखंड के किच्छा से उत्तर प्रदेश के शामली जा रही कार में पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कार सवार तनवीर (36) और लियाकत (45) की मौत हो गई, जबकि नौशाद और मकसूद गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बढ़ी गलन तो खादी प्रदर्शनी में उमड़े खरीदार, देशी उत्पादों की भरमार

- खादी व गर्म कपड़ों पर मिल रही 30 प्रतिशत तक की छूट
- चार दिन में अब तक लगभग 63 लाख खादी के कपड़ों ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री हो चुकी है

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** सर्दी के सीजन में उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मंडलीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में खादी एवं गर्म कपड़ों की जमकर खरीदारी हो रही हैं. अर्बन हॉट प्रांगण, चौकाघाट में 10 जनवरी तक आयोजित 15 दिवसीय इस प्रदर्शनी में खादी के कपड़ों और हाथों से बने हुए सभी आइटमों पर लोगों को 30 से 50 प्रतिशत की छूट के साथ सामान मिल रहा है. यहां खादी से जुड़े हुए हर प्रकार के सामानों की ब्रिकी चल रही हैं।



प्रदर्शनी के चौथे दिन सोमवार तक कुल 63 लाख से अधिक की बिक्री हो चुकी है। उपभोक्ता खादी पर 30 प्रतिशत छूट का लाभ उठा रहे है।

प्रदर्शनी में प्रतापगढ़ के अचार-मुरब्बा, राजस्थान की बीकानेरी नमकीन व पापड़, सहारनपुर के फर्नीचर, कन्नौज की धूपबत्ती एवं अगरबत्ती, आगरा एवं कानपुर के जूते-चप्पल, लखनऊ की चिकनकारी, भदोही व सीतापुर के कालीन, कश्मीरी शाल, सूखे मेवे, घरेलू उपयोगी उपकरण और विभिन्न प्रकार के औषधीय उत्पाद लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी यूपी सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य प्रदेश दूरस्थ स्थानों के कामगारों द्वारा उत्पादित खादी ग्रामोद्योग सामानों की अधिक से अधिक बिक्री हो, ताकि उनकी आजीविका में सुधार हो सकें और महात्मा गांधी जी का सपना साकार हो। प्रदर्शनी में कुल 113 स्टाल लगाये गये है, जिसमें 25 स्टाल खादी उद्योग एवं 88 स्टाल ग्रामोद्योगी उत्पाद के लगे है। खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 10 जनवरी, 2025 तक चलेगी।

यूपी सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में खादी के आधुनिक वस्त्र, खादी के बने कटिया, मूंगा और सूती वस्त्र, कुर्ता, पैजामा, शर्ट, गमछा, धोती, रूमाल, लूंगी, रजाई गददे, डिजाईनर साड़ियाँ, बनारसी साड़ियां, काटन की साड़ियां और काश्मीरी शाल, सूट स्टाल, स्वेटर जैकेट एवं उत्तराखण्ड की ऊनी जैकेट एवं सहारनपुर के बने कम्बल, नक्काशीदार सोफा, बेड, दिवान झूला एवं लकडी के बने आधुनिक सामान, प्रतापगढ एवं वाराणसी के ऑवला से निर्मितं खाद्य सामग्री जैसे लडडू, बर्फी, कैंडी, सिरका एवं अचार जैसे आम का अचार, नीबू का अचार, लहसून का आचार एवं अदरक आचार, कानपुर के बने चमडे के सामान जैसे जूता, चप्पल, बेल्ट, पर्स एवं आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से बनी दवायें एवं चन्दन, चन्दन फेस पैक एवं रूदाक्ष, अंगूठी और दर्द नाशक तेल प्रदर्शनी में भारी छूट के साथ उपलब्ध है।









# नववर्ष है कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का



-ललित गर्ग

नववर्ष मुड़कर एक बार अतीत को देख लेने एवं भविष्य को बुनने का स्वर्णिम अवसर। क्या खोया और क्या पाया इस गणित को विश्लेषित करने एवं आने वाले कल की रचनात्मक तस्वीर के रेखांकन का प्रेरक क्षण। क्या बनाना है और क्या मिटाना है, इस अन्वेषण में संकल्पों की सुरक्षा पंक्तियों का निर्माण करने के लिये अभिप्रेरित करने की चौखट है- नववर्ष। आज, अभी, इसी क्षण को पूर्णता के साथ जी लेने के जागृति का शंखनाद है नववर्ष। बीते कल का अनुभव और आज का पुरुषार्थ ही भविष्य का भाग्य रच सकता है इसीलिये नववर्ष के उत्सव की प्रासंगिकता को नकारा नहीं जा सकता। इसीलिये वर्ष 2024 की निराशाओं, असफलताओं एवं नाउम्मीदों पर पश्चाताप करने की बजाय उम्मीद, आशा एवं जिजीविषा को जीवंत करें। भले ही पछतावा जीवन का एक ऐसा सत्य है, जिसे नकारा नहीं जा सकता। हालांकि हमें यह सलाह दी जाती है कि अतीत में क्या हुआ, क्या खोया एवं क्यों संकल्प पूरे नहीं हुए, इस पर पछताना ठीक नहीं। बीती बातों को याद करके दुखी होने से केवल मानसिक तनाव, निराशा एवं असंतोष ही उत्पन्न होगा। फिर भी, हम पछतावे को हमारी जीवन यात्रा का अहम हिस्सा मानते हुए नववर्ष का स्वागत नये उजालों से करते हुए इसे प्रेरणा पर्व बनाये।

नए की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कहने की इस संधिबेला में किपलिंग की विश्व प्रसिद्ध पंक्ति याद आ रही है-ह्यपूर्व और पश्चिम कभी नहीं मिलते। पर मैं देख रहा हूं कि पुराना और नया मिलकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। जाता हुआ पुराना वर्ष नये वर्ष के कान में कह रहा है, मैंने आंधियाँ अपने सीने पर झेली हैं, तू तूफान झेल लेना, पर मन के विश्वास को टूटने मत देना, संकल्प के दीपक को बुझने मत देना। नये भारत के इक्कीसवीं शताब्दी के इस रजत जयन्ती वर्ष में इसी विश्वास को जीवंतता देने के लिये अपनी अनुकरणीय योजनाओं के साथ देश एवं दुनिया में सक्रिय होना है और अनूठा करना है। उसके लिये विश्वास एवं संकल्प वे छोटी-सी किरणें हैं, जो सूर्य का प्रकाश भी देती है और चन्द्रमा की ठण्डक भी। और सबसे बड़ी बात, वह यह कहती है कि ह्यअभी सभी कुछ समाप्त नहीं हुआ। अभी भी सब कुछ ठीक हो सकता है। मनुष्य मन का यह विश्वास कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। इस तरह का संकल्प कोई रणनीति नहीं है, जिसे कोई वाद स्थापित कर शासन चलाना है। यह तो इंसान को इन्सान बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है।

जाते हुए वर्ष को अलविदा कहते हुए नए वर्ष की दस्तक आह्वान कर रही है कि अतीत की भूलों से हम सीख लें और भविष्य के प्रति नए सपने, नए संकल्प बुनें। अतीत में जो खो दिया उसका मातम न मनाएं। हमारे भीतर अनन्त शक्ति का स्रोत बह रहा है। समय का हर टुकड़ा विकास एवं सार्थक जीवन का आईना बन सकता है। हम फिर से वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसे अपनी दुर्बलताओं, विसंगतियों, प्रमाद या आलस्यवश पा नहीं सकते थे। मन में विश्वास एवं संकल्पना जीवंत बनी रहना जरूरी है। हर संकल्प पूरे हों, यह बिल्कुल जरूरी नहीं, क्योंकि जज्बा तब तक लोहा भर है, जब तक मन में दृढ़ता का बसेरा न हो। दृढ़ता आए तो यही जज्बा इस्पात बन जाता है। इसी जज्बे के साथ नये भारत के निमार्ता समस्त विश्व के लोगों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना उत्पन्न करने, अच्छे नागरिकों का निर्माण करने, समस्त मानवता को मित्रता, भाई-चारे और विश्वास में बांधने के लिये तत्पर है। नैतिक एवं सौम्य गुणों को बढ़ावा देना, परोपकार, जनसेवा एवं समाज उत्थान के लिये व्यापक योजनाओं को आकार देने के लिये अग्रसर हैं, जिन्हें नये वर्ष में आसमानी ऊंचाई देने की प्रतिबद्धता है।

दुनिया में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग होते हैं, जिनके जीवन में पछतावा नहीं होता या बहुत कम होता है, क्योंकि वे जीवन को अपने तरीके से जीते हैं। युवावस्था में जीवन की गति तेज होती है। तब इतनी सारी चुनौतियां सामने होती हैं और इतने सारे विकल्प कि आगे बढ़ने की कोशिश में पछताने का वक्त नहीं मिलता। लेकिन जैसे-जैसे हम बूढ़े होते हैं और जीवन की गति धीमी होती जाती है, हम अतीत की सफलताओं-असफलताओं, हर्ष-विषाद, सुख-दुख, उन्नति-अवनति आदि चीजों पर सोचने लगते हैं। यह समय आत्मनिरीक्षण का होता है, जिसमें हम अपने जीवन की यात्रा और उसके अनुभवों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। भीष्म पितामह जैसी शख्सियत को भी मृत्यु शैय्या पर पछतावा था कि उन्होंने अधर्म का साथ दिया। जीवन भर के उनके अच्छे कर्म उस समय याद नहीं आ रहे थे, और वह अपने एक निर्णय के कारण अपने जीवन के अंतिम क्षणों में पछता रहे थे। लेकिन हमें पछतावे के जीवन को धुंधलाना नहीं है, बल्कि नये संकल्पों से आगे बढ़ना है।

आप अपनी जिंदगी किस तरह जीना चाहते हैं? यह तय होना जरूरी है, आखिरकार जिंदगी है आपकी! दरअसल, जीवन एक व्यवस्था है। ऐसी व्यवस्था, जो जड़ नहीं, चेतन है। स्थिर नहीं, गतिमान है। इसमें लगातार बदलाव भी होते है। जिंदगी की अपनी एक फिलासफी है, यानी जीवन-दर्शन। सनातन सत्य के कुछ सूत्र, जो बताते हैं कि जीवन की अर्थवत्ता किन बातों में है। ये सूत्र हमारी जड़ों में हैं-पुरातन ग्रंथों में, हमारी संस्कृति में, दादा-दादी के किस्सों में, लोकगीतों में। जीवन के मंत्र ऋचाओं से लेकर संगीत के नाद तक समाहित है। हम इन्हें कई बार समझ लेते हैं, ग्रहण कर पाते हैं तो कहीं-कहीं भटक जाते हैं और जब-जब ऐसा होता है, जिंदगी की खूबसूरती गुमशुदा हो जाती है। जीवन का एक-एक क्षण जीना है- अपने लिए, दूसरों के लिए यह संकल्प सद्उपयोग का संकल्प होगा, दुरुपयोग का नहीं। बस यहीं से शुरू होता है नीर-क्षीर का दृष्टिकोण। यहीं से उठता है अंधेरे से उजाले की ओर पहला कदम। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। समझदार लोगों के लिये नववर्ष का जश्न पछतावा नहीं, बल्कि आभार जताने का मौका देती है। उन सबके लिये आभार, जिनसे हमने सीखा एवं पाया है। आभार एवं कृतज्ञता उन रास्तों के लिये, जो हमारे लिये आशीर्वाद बन गये और उस शांत यकीन के लिये जो बताता है कि जिन्दगी की अनिश्चितताओं में भी एक दैवीय व्यवस्था काम करती है हमारी नाउम्मीदी को उम्मीद में बदलने के लिये।

नववर्ष की याद दिलाने वाली एक बात यह है कि हालात चाहे कितने भी मुश्किल क्यों न हो, कहीं-न-कहीं कोई है जो हमारे लिये चीजों को आसान बनाने पर काम कर रहा है। ब्रह्माण्ड की जिस भी शक्ति को आप मानते हैं, वह आपके लिये, दोस्तों, परिवारजनों, अजनबियों और दैनंदिन के कामों के लिये एक रास्ता तैयार कर रही है, यही आपको मंजिल तक ले जायेगा। इसलिये थोड़ा रुकें, सोचे, हौसलों को जीवंतता दे और फिर नयी शुरूआत करें। जान लें कि आप अकेले नहीं है और यह अदृश्य शक्ति एवं आस्था आपको मंजिल तक पहुंचाने में जुटी है। जीवन को केवल पीछे मुड़कर समझा जा सकता है, लेकिन इसे आगे बढ़कर जीना भी पड़ता है। हम अपनी बातों और कार्यों की जिम्मेदारी लें, लेकिन कभी भी इन्हें अपने मन में इतना भारी न होने दें कि ये हमारे विकास को रोकें। यह महत्वपूर्ण है कि हम हार से सीखें और उन्हें अपने अनुभव का हिस्सा बनाएं, ताकि अधिक समझदारी से जीवन में आगे बढ़ सकें और जीत को गले लगा सकें। प्रयास यही रहे कि हमारे विकास में यह रुकावट न डाल पाए। जाते हुए वर्ष को अलविदा कहने एवं नये वर्ष का स्वागत करने की यह चौखट कल्पना, ईमानदारी और आत्ममंथन की मांग करती है, जिससे हम अपने जीवन के फैसलों को और अधिक सटीक और तर्कसंगत बना सकते हैं। नए साल की शुरूआत जीवनशैली में बदलाव करने, बुरी आदतों को छोड़ने और अपने संकल्प को बेहतर बनाने के लिए एक बेहतरीन समय है। नए साल के सबसे लोकप्रिय संकल्पों में अधिक महत्वपूर्ण है अपने आत्मविश्वास को कमजोर न होने देना।

# बांग्लादेश व पाकिस्तान की बढ़ती नजदीकी-हम तो डूबे सनम तुम्हे भी लेकर डूबेंगे



अशोक भाटिया

कहते हैं डूबने को बचाने कोई तिनका आएगा, जो खुद डूबना चाहे उस तिनके को कौन बचाएगा। कुछ ऐसे ही हालात आजकल बांग्लादेश के हो गए हैं। साल 1971 में जब बांग्लादेश डूब रहा था तो भारत ने अपना पैसे, हथियार और सैनिक सभी दांव पर लगाकर उसकी रक्षा की और आजादी दिलाई। तब बांग ?लादेश डूब रहा था और भारत ने उसे बचा लिया। पर आज बांग्लादेश डूबना चाहता है, तो भला उसे कौन बचा सकता है। अगस्त में जबसे शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हुआ और भारत विरोधी ताकतों ने कब्जा जमाया है, तबसे बांग्लादेश के दुर्दिन शुरू हो गए हैं। दुनियाभर के एक्सपर्ट यही कहते हैं कि भारत अगर चाह ले तो बांग्लादेश बिना किसी हथियार के ही बर्बाद हो जाएगा, लेकिन फिर भी यह पड़ोसी मुल्क खुद डूबना चाहता है तो कोई क्या करे। भारत के साथ पंगे लेना बांग्लादेश के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है। बात आगे बढ़ी तो बांग्लादेश भारत का एक झटका नहीं झेल पाएगा। बांग्लादेश अभी भी कई खाने-पीने समेत दूसरी कई चीजों को लेकर भारत पर बहुत निर्भर है। अग बांग्लादेश भारत से दूरी बनाता है तो यह उसकी अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक हो सकता है।

किंग्स कॉलेज लंदन में अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर हर्ष पंत का कहना है कि बांग्लादेश की महंगाई को भारत ने ही थाम रखा है। भारत से जिस कीमत पर सामान बांग्लादेश में पहुंचता है, उस कीमत पर दुनिया का कोई भी देश उसे नहीं दे सकता है। चाहे चीन हो या पाकिस्तान, बांग्लादेश में सामान पहुंचाने के लिए बंगाल की खाड़ी के रास्ते आएंगे, जो काफी खचीर्ला और जोखिम भरा है। बावजूद इसके बांग्लादेश ने हाल में करीब 25 हजार टन चीनी पाकिस्तान से मंगाई है। अब सवाल ये उठता है कि जो पाकिस्तान खुद बदहाल है, वह कम कीमत पर बांग्लादेश को कब तक और कितनी मदद पहुंचा सकता है।

बांग्लादेश भारत से गेहूं, प्याज, लहसुन, कपास, अनाज, पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक, स्टील आदि चीजें खरीदता है और काफी हद तक भारत पर ही निर्भर है। वहीं दूसरी ओर भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत और बांग्लादेश के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 16 बिलियन डॉलर था। इसमें बांग्लादेश का निर्यात करीब 2 बिलियन डॉलर था। अगर बांग्लादेश भारत के साथ संबंध बिगाड़ कर उसे बहुत बड़ा व्यापारिक घाटा होगा।

जैसी की कहावत है कि दूसरों का घर जलाकर हाथ सेंकना भी दुश्मनी का एक हुनर है और इसी कहावत को पाकिस्तान आजकल बांग्लादेश पर आजमा रहा है। चीन और पाक मिलकर बांग्लादेश को भारत के खिलाफ खड़ा करना चाहते हैं, ताकि वे हमें पूरब और पश्चिमी दोनों तरफ से घेर सकें। बांग्लादेश में तो यहां तक सुर उठने लगे हैं कि उसे पाकिस्तान से परमाणु तकनीक लेनी चाहिए। अगर बांग्लादेश को परमाणु तकनीक मिल भी जाती है तो भी उसे नुकसान ही होगा, क्योंकि ऐसा होने पर पश्चिमी देशों का भयंकर प्रतिबंध उसे झेलना पड़ सकता है। इतना ही नहीं ऊपर दिए आंकड़े भी साफ कहते हैं कि भारत से दुश्मनी करके बांग्लादेश का अस्तित्व बिना किसी हथियार के ही बिखर जाएगा, क्योंकि भुखमरी, बेरोजगारी और महंगाई किसी भी युद्ध से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं।

भारत पर बांग्लादेश की निर्भरता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उसकी 94 फीसदी सीमा भारत से लगी हुई है। दोनों देशों की 4,367 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो बांग्लादेश की कुल अंतरराष्ट्रीय सीमा का 94 फीसदी है। जाहिर है कि बिना भारत के सहयोग के उसका व्यापार चल नहीं पाएगा। पाकिस्तान के बहकावे में आकर उसने भारत का विरोध तो शुरू कर दिया है और चीन व पाकिस्तान उसे व्यापार करने का प्रलोभन भी दे रहे, लेकिन बांग्लादेश तक पहुंचने के एकमात्र रास्ते बंगाल की खाड़ी के जरिये वहां सामान भेजना मुश्किल तो होगा ही महंगा भी बहुत पड़ेगा।

94 फीसदी सीमा साझा कर बांग्लादेश सामरिक और सुरक्षा की दृष्टि से तो पूरी तरह भारत पर निर्भर है ही, इसके अलावा कपास, लहसुन, प्याज, गेहूं, चावल, चीनी, अनाज, पेट्रोल-डीजल, इलेक्ट्रिक उपकरण, प्लास्टिक और इस्पात के लिए भी उसका एकमात्र साथी भारत ही है। अगर भारत ने इन चीजों के निर्यात से मुंह मोड़ लिया तो उसकी बबार्दी तय है। रही बात भारत के लिए बाजार की तो उसकी भरपाई दूसरे रास्तों से हो जाएगी। दक्षिण एशिया में भारत और बांग्लादेश सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। 2022-23 में दोनों देशों का कुल व्यापार करीब 16 अरब डॉलर का था, जिसमें बांग्लादेश से निर्यात महज 2 अरब डॉलर और भारत से 14 अरब डॉलर था। जाहिर है कि भारत के सामानों पर बांग्लादेश की निर्भरता किस कदर है, यह बात किसी से छुपी नहीं है। बांग्लादेश ने अगस्त से अब तक कितना नुकसान उठाया इसकी बानगी आंकड़े खुद पेश करते हैं। शेख हसीना के कार्यकाल में साल 2009 से जुलाई 2024 तक बांग्लादेश की जीडीपी की विकास दर 6।3 फीसदी रही, जिसे अब मूडीज और एडीबी जैसी रेटिंग एजेंसियों ने 5 फीसदी से भी नीचे का अनुमान लगाया है। उसकी जीडीपी जहां 455 अरब डॉलर तक पहुंच गई थी और प्रति व्यक्ति आय 2,784 डॉलर तक, वहीं अगस्त से अब तक महज 4 महीने में ही बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को करीब 2 लाख करोड़ रुपये की चपत चल चुकी है।

देखा जाय तो पाकिस्तान के प्रति बांग्लादेश का ये प्रेम दरअसल शेख हसीना के विरोध में कुछ ज्यादा उमड़ रहा है। बांग्लादेश की सरकार इस वक्त शेख हसीना के विरोध में इस कदर बौखलायी हुई है कि उसको पाकिस्तान के दिए हुए घाव भी याद नहीं हैं। उसको भारत दिख रहा है। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार भले ही 1971 के पाकिस्तानी अत्याचार को भूल गई हो, लेकिन मानव इतिहास उसको भूल नहीं पाएगा। बांग्लादेश को याद रखना चाहिए कि आज का बांग्लादेश 1971 की शुरूआत में पाकिस्तान का हिस्सा था और इसे पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था। 1970 में पाकिस्तान में हुए चुनाव में पूर्वी पाकिस्तान के शेख मुजीबुर्रहमान की पार्टी ने जीत हासिल की, लेकिन पश्चिमी पाकिस्तान के नेता और फौजी अधिकारी पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लाभाषी शेख मुजीब को सत्ता सौंपने को हरगिज तैयार नहीं थे। पश्चिमी पाकिस्तान के फौजियों ने पूर्वी पाकिस्तान की महिलाओं से बलात्कार किया। एक अनुमान के मुताबिक, पूर्वी पाकिस्तान में करीब चार लाख महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ था। पूर्वी पाकिस्तान के आम लोग बात बात पर ना सिर्फ मारे पीटे जाते थे, बल्कि उनकी सामूहिक हत्या तक हुई। तब बांग्लादेश से लाखों लोग भारत की तरफ भागने लगे, जिसके लिए पाकिस्तानी फौज ने हजारों लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। उस वक्त करीब दस लाख लोग भारत चले आए थे। लेकिन शेख मुजीबुर्रहमान पाकिस्तानी फौज के सामने झुके नहीं। उनके संघर्ष और उस संघर्ष को भारत से मिली मदद से पूर्वी पाकिस्तान को आजादी मिली। और 16 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश के रूप में दुनिया के नक्शे पर एक नए देश का उदय हुआ। लेकिन आज बांग्लादेश पर कट्टरपंथियों का दबाव और प्रभाव इतना बढ़ गया है कि उसने आम नागरिकों के दिलो दिमाग में जहर भरना शुरू कर दिया है।

अब सवाल है कि पाकिस्तानी फौज की बांग्लादेश में एंट्री से बांग्लादेश के लिए कैसी मुसीबतें आ सकती हैं? इससे बांग्लादेश फिर से पूर्वी पाकिस्तान जैसी बदहाली वाली स्थिति की तरफ जा सकता है। बांग्लादेश के विकास पर पाकिस्तानी शह पर पलने वाले आतंकवादियों का कब्जा हो सकता है और बांग्लादेश में लोकतंत्र का चिराग बुझ सकता है। खबरों के मुताबिक, बांग्लादेश अब पाकिस्तान से गोले बारूद भी मंगवाने लगा है। सितंबर से दिसंबर के बीच ही 40 हजार कारतूस बांग्लादेश में पहुंचे। इसके अलावा 40 टन से ज्यादा आरडीएक्स भी पहुंच चुका है। इतना ही नहीं अगले साल फरवरी में कराची में दोनों देशों की नौसेना संयुक्त युद्धाभ्यास भी करने वाली है। क तरफ ढाका और इस्लामाबाद के बीच सीधी विमान सेवा का एलान हो चुका है तो दूसरी तरफ पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा में ढील दी गई है। अभी तो सब कुछ सुहाना दिख रहा है, लेकिन आईएसआई के दखल का असर जब होगा, तो शायद तब तक बांग्लादेश के लिए काफी देर हो चुकी होगी।

भारत के 80 किमी चौड़े सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर बांग्लादेश में पाकिस्तानी फौज की एंट्री से खतरा बढ़ सकता है, जिसे चिकन नेक के नाम से जाना जाता है। ये कॉरिडोर भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर की अहमियत भारत के लिए इसलिए भी है कि भूटान के डोकलाम पर चीन कब्जा चाहता है। ऐसे में बांग्लादेश की जियोपॉलिटिकल लोकेशन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण हो जाता है कि उधर से चीन को कोई सहयोग ना मिले। बांग्लादेश का पाकिस्तान और चीन की तरफ झुकना भारत के लिए कूटनीतिक और सामरिक नजरिए से सतर्क होने का अलार्म बजा रहा है। बांग्लादेश में पाक की एंट्री के बाद पूर्वोत्तर के कट्टरपंथी और आतंकवादी संगठनों के पैर पसाने का खतरा बढ़ सकता है। ग्रुप के और हावी होने की आशंका है।लेकिन अब जब पाकिस्तानी सेना का बांग्लादेश में दाखिल होने की तैयारी में है तो इससे भारत को पाकिस्तान के साथ-साथ बांग्लादेश की सीमा पर भी पहले से कहीं ज्यादा सतर्क रहना पड़ेगा।

पाकिस्तानी सेना का अगर बांग्लादेश में दखल बढ़ा तो ये काफी लाजमी हो जाएगा कि इसका असर भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर भी ज्यादा पड़ेगा। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार को गिराए जाने के बाद से ही वहां मौजूद हिंदुओं की जो स्थिति है उसे लेकर भारत पहले से ही अपनी चिंताएं व्यक्त करता रहा है। इसके बावजूद भी बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार जारी है। ऐसे में अब पाकिस्तान से बांग्लादेश की बढ़ती नजदीकियां भारत के साथ उसके साथ संबंध पर असर जरूर डालेंगे।

# राजनीति 2024 : अंत में यूपी बीजेपी की डूबती नैया को उबार ले गये योगी



-अजय कुमार

2024 भी इतिहास के पन्नों में सिमट रहा है। यूपी के लिये बीता साल काफी यादगार रहा। सबसे खास बात यही थी कि पांच सौ साल के वनवास के बाद अयोध्या में रामलला अपने मंदिर में विराजमान हो गये। जिसका श्रेय मोदी सरकार को दिया जाता है, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता है कि अयोध्या में रामलाल का भव्य मंदिर बनने के कुछ माह बाद हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी को बुरी तरह से हार का सामना भी करना पड़ा। यहां तक की अयोध्या की लोकसभा सीट भी बीजेपी हार गई,जिसका गम उसे आज भी सताता है। अयोध्या की हार को लेकर विपक्ष बीजेपी को अक्सर तानें मारता रहता है। इस साल हुए आम चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा के सासंदों की संख्या 62 से घटकर 33 पर आ गई इसमें उसके सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल की दो एवं अपना दल एक सीट को भी मिला दिया जाये तो भी यह आकड़ा 36 पर ही पहुंच पाता है, जबकि इंडिया गठबंधन 43 सीटों पर जीत हासिल करने में सफल रहा। इसमें से सपा की 37 और कांग्रेस की 6 सीटें थी।सपा और कांग्रेस दोनों की जीत का ग्राफ बढ़ा था,लेकिन सबसे बुरा हाल बहुजन समाज पार्टी का रहा जो एक भी सीट नहीं जीत पाई थी।

खैर,यूपी के दम पर दिल्ली में मजबूती के साथ पैर जमाये बीजेपी का 2024 के आम चुनाव के नतीजों के बाद वर्चस्व कमजोर पड़ गया तो यूपी बीजेपी का भी राष्ट्रीय राजनीति में ओहदा कम हो गया। यही नहीं वाराणसी से दो बार रिकार्ड मतों से जीत कर सांसद बनने वाले पीएम नरेंद्र मोदी का तीसरी बार के चुनाव में जीत का अंतर भी काफी कम हो गया। मोदी को केन्द्र में पहली बार ऐसे गठबंधन की सरकार बनानी पड़ी, जिसमें भाजपा के पास पूर्ण बहुमत नहीं है।यही वजह थी कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद महीनों तक समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेता बीजेपी और मोदी-योगी सरकार पर हमलावर रहे। साल 2024 को भाजपा के विजय रथ पर ब्रेक और सांसदों की दृष्टि से प्रदेश में 10 साल के बाद भाजपा को दूसरे नंबर की पार्टी बना देने वाले साल के तौर याद किया जाएगा। वैसे इस हार की वजह को कुछ लोग बीजेपी की भीतरी कहल से भी जोड़कर देख रहे हैं।

हालांकि, साल खत्म होते-होते वोटरों ने कुछ हद तक बीजेपी के आंसू जरूर पोछ दिये। भाजपा गठबंधन ने विधानसभा उपचुनाव की नौ में से सात सीटें जीतकर लोकसभा चुनाव के बुरे अनुभव को काफी हद तक कम कर लिया। भाजपा के लिए 2024 की शुरूआत उम्मीदों के साथ हुई थी। लोकसभा चुनाव की गूंज के बीच रामलला की जन्मस्थान पर प्राण-प्रतिष्ठा हुई। इसके मुख्य यजमान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने। स्वतंत्र भारत में पहली बार किसी प्रधानमंत्री ने देश के बहुसंख्यकों की भावनाओं के सम्मान का सार्वजनिक शंखनाद किया। रामलला के मंदिर निर्माण में मोदी के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ ने भी काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम अभूतपूर्व था,इसलिए इसे सोमनाथ की पुनर्प्रतिष्ठा पर पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आपत्तियों को याद करके समझा जा सकता है। तब पंडित नेहरू ने कार्यक्रम में जाने से मना कर दिया था। साथ ही राष्ट्रपति को भी रोकने की कोशिश की थी। हालांकि, राष्ट्रपति कार्यक्रम में गए,लेकिन वह वहां राष्ट्रपति की हैसियत से नहीं एक भक्त की हैसियत से पहुंचे थे ऐसे में मोदी का पीएम के तौर पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान बनना युगांतकारी कदम था।मोदी के इस कदम से ऐसा माहौल बना, जिससे लगा कि मोदी का लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा हकीकत में बदलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रदेश में भाजपा की सीटें ही नहीं घटीं, बल्कि फैजाबाद (अयोध्या) सीट भी भाजपा हार गई। यह भाजपा के लिए बड़ा झटका था। उपचुनाव में विधानसभा की नी सीटों में से सात जीतकर भाजपा ने इसी साल उस झटके के दर्द को कम जरूर कर लिया।

बहरहाल, यूपी की नौ विधान सभा सीटों पर हुए उपचुनाव में बीजेपी को मिली बड़ी जीत का श्रेय प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ और कार्यकताओं के साथ उनके सीधे संवाद को दिया। सीएम ने उपचुनावों को चुनौती के रूप रूप में लिया। सारी सीटों के लिए खुद व्यूह रचना की। अगर कहा जाए कि 2024 में जाते-जाते उपचुनाव के नतीजों के जरिये योगी के प्रशासनिक कौशल के साथ संगठनात्मक कौशल का भी प्रमाण दे दिया है ती अतिश्योक्ति नहीं होगी। वैसे खास बात यह भी थी कि लोकसभा चुनाव से इत्तर उप चुनाव में आरएसएस भी पूरी तरह से सक्रिय रहा था। संगठनात्मक दृष्टि से भाजपा के 2024 का लेखा-जोखा रखा जाए तो कोई बड़ा उल्लेखनीय पक्ष नहीं दिखता। हॉ, उप चुनाव के नतीजे आने के बाद योगी का कद जरूर बढ़ गया है।वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में जो पाया था उसे उप चुनाव में खो दिया। वहीं बसपा पूरे साल उतार की ओर ही नजर आती रही।

# 2025 में उभरती नई चिंताएँ



-प्रियंका सौरभ

-प्रियंका सौरभ

वर्ष 2025 के बारे में चाहे किसी ने आशावादी या निराशावादी विचार व्यक्त किए हों, मगर ये सच है कि इन चिंतकों ने मनुष्यों और डिजिटल तकनीकों के निकट भविष्य के लिए अपनी चिंताओं को भी व्यक्त किया है। उनकी ज्यादातर चिंताएँ प्रौद्योगिकी कंपनियों की बढ़ती शक्ति पर केंद्रित हैं जो लोगों के जीवन में सूचना प्रवाह को नियंत्रित करती हैं और व्यक्तियों की गोपनीयता और स्वायत्तता से समझौता करने की उनकी क्षमता पर केंद्रित हैं। यह बहुत कम संभावना है कि बाजार पूंजीवाद और मुनाफा कमाने को प्राथमिक प्राथमिकता बनाने की प्रतिस्पर्धी अनिवार्यता को बदलने के लिए जल्द ही कोई सफल आंदोलन होगा। इस समस्या के समाधान में दोधारी गुण हैं क्योंकि अवसर और चुनौती समान रूप से मौजूद हैं। सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए झूठ का प्रसार सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक व्यवस्था को नुकसान पहुँचाएगा। कुछ संभावित उपाय नागरिक स्वतंत्रता में बाधा डाल सकते हैं। ऑनलाइन झूठ, गलत सूचना और गलत सूचना का अजेय प्रवाह विभाजनकारी, खतरनाक और विनाशकारी है। स्वास्थ्य-निगरानी, कार्य-निगरानी और सुरक्षा समाधान जो लागू किए जा सकते हैं, वे बड़े पैमाने पर निगरानी का विस्तार करेंगे, मानवाधिकारों को खतरे में डालेंगे और दुनिया के ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रों को ज्यादा सत्तावादी बना देंगे। टेलीवर्क के कारण अधिक व्यावसायिक प्रणालियों और प्रक्रियाओं के तेज स्वचालन से मनुष्यों के लिए उपलब्ध नौकरियों की संख्या कम हो रही है। इसके अतिरिक्त इतने ज्यादा अलगाव के समय में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा हैं। इन सभी स्पष्ट मुद्दों से निपटने के लिए आवश्यक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कौन कार्यवाही करेगा।

मुझे लगता है कि बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी परिणामों के संगम से प्रौद्योगिकी से सम्बंधित नुकसान और दुरुपयोग की संभावना अधिक है, विशेष रूप से तब जब उत्पाद, जोखिम मूल्यांकन आदि पर कम कठोरता के साथ बाजार में आते हैं। तकनीक हमारे जीवन में और भी व्यापक हो जाएगी, हर पहलू में। यह काम, ज्यादा विकल्प और बेहतर सेवा को सक्षम करेगा, लेकिन इसकी बहुत अधिक कीमत चुकानी पड़ेगी। निगरानी में वृद्धि, गोपनीयता की हानि, अधिक जोखिम-व्यक्तियों और राजनीतिक प्रणालियों दोनों के लिए घातक होगा। बिगड़ती आर्थिक स्थिति, नागरिक अशांति, अनिश्चित दीर्घकालिक महामारी के परिणामों का संगम मुझे प्रौद्योगिकी से सम्बंधित नुकसान और दुरुपयोग की ओर ले जाने की अधिक संभावना के रूप में लगता है, खासकर जब उत्पाद खतरे के मॉडलिंग, जोखिम मूल्यांकन आदि पर कम कठोरता के साथ बाजार में आते हैं। बहुत कम या बिना किसी पारदर्शिता, जवाबदेही या निगरानी के साथ काम करने वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों की विशाल और काफी हद तक अनियमित शक्ति मुझे चिंतित करती है। इन कंपनियों का हर जगह सत्तावादी और लोकतंत्र विरोधी ताकतों के साथ गठबंधन मुझे चिंतित करता है। 2025 आर्थिक, स्वास्थ्य और कल्याण कारकों के आधार पर औसत व्यक्ति के लिए बदतर होगा जिसके परिणामस्वरूप बढ़े हुए कर्ज, कम बचत, कम वेतन वृद्धि जैसे प्रभाव होंगे। बच्चों वाली महिलाओं को कार्यबल से बाहर निकलने या अंशकालिक काम करने के लिए काफी दबाव का सामना करना पड़ा है, ताकि बच्चों की देखभाल के अंतर को पूरा किया जा सके, जो कि स्कूल बंद होने और उनके पुरुष साथी द्वारा अपने बच्चों की 50 / 50 जिम्मेदारी नहीं लेने के कारण हुआ है। इसका परिणाम आजीवन वित्तीय प्रभाव और निराशा की भावना होगा। कोरोनावायरस संक्रमण के बाद चल रही विकलांगता की एक महत्त्वपूर्ण संभावना है, यह देखते हुए कि मध्यम और दीर्घकालिक फेफड़ों की क्षति और क्रोनिक पोस्ट-वायरल थकान के बारे में क्या सामने आ रहा है। लोगों के पास काफी कम दोस्त होंगे, क्योंकि नियमित रूप से व्यक्तिगत संपर्क की कमी के कारण रिश्ते कम होते जा रहे हैं। मुझे लगता है कि युगल और एकल परिवार पर कुछ हद तक नव-परंपरावादी गहन ध्यान केंद्रित होगा जो कि काफी हद तक दमघोंटू होगा। प्रौद्योगिकी कंपनियों के एकाधिकार और बढ़ेंगे, बहुत सारी गतिविधियाँ चार या पाँच मेगाकॉरपोरेशनों में केंद्रित हैं। व्यापक खुदरा क्षेत्र पर अमेजन के नकारात्मक प्रभाव को देखें। इन कंपनियों के प्लेटफॉर्म पर बहुत अधिक निर्भरता केंद्रित है, हर चीज के लिए स्क्रीन-केंद्रितता होगी चाहे वह सामाजिक जीवन, मनोरंजन, काम, कला कुछ भी हो। समाज में इस बात पर बहुत अधिक जोर दिया जाता है कि तकनीक क्या अच्छा कर सकती है मतलब सुविधा कितनी मिलेगी और यह नहीं कि यह क्या नहीं कर सकती जैसे बातचीत या अनुभव की गुणवत्ता का स्तरक्या रहेगा। केवल हम ही खुद को बचा सकते हैं। 'नया समाज' एक ऐसा समाज है जो इतिहास में पहले से कहीं अधिक विभाजित है। हम पहले से ही हर सांस, हर कदम, हर दिल की धड़कन को रिकॉर्ड कर रहे हैं। जो काफी खतरनाक भी होगा।

**विशेषज्ञों का कहना है कि वर्ष 2025 कहीं ज्यादा तकनीक-चालित होगा और ज्यादा बड़ी चुनौतियाँ पेश करेगा। लोगों के पास काफी कम दोस्त होंगे, क्योंकि नियमित रूप से व्यक्तिगत संपर्क की कमी के कारण रिश्ते कम होते जा रहे हैं। मुझे लगता है कि युगल और एकल परिवार पर कुछ हद तक नव-परंपरावादी गहन ध्यान केंद्रित होगा जो कि काफी हद तक दमघोंटू होगा। जीवन अधिक तकनीक-संचालित होगा, जिससे और भी बड़ी चुनौतियाँ सामने आएंगी। लोग अच्छे और बुरे के लिए तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल उपकरणों पर अधिक निर्भरता विकसित कर लेंगे। व्यापक सामाजिक परिवर्तन से ज्यादातर लोगों के लिए जीवन बदतर हो जाएगा क्योंकि अधिक असमानता, बढ़ता सत्तावाद और बड़े पैमाने पर गलत सूचनाएँ समाज परहावी हो रही हैं। सामाजिक और नस्लीय असमानता बढ़ने, सुरक्षा और गोपनीयता के बिगड़ने और गलत सूचना के और अधिक फैलने की आशंका है।**

# डा. मनमोहन सिंह : सबके मन को मोहा

दुनिया से जाने के बाद इंसान के सद्गुणों को याद करने की परंपरा है। इसलिए आज भारतवासी ही नहीं दुनिया के तमाम देशों के महत्वपूर्ण लोग डा. मनमोहन सिंह को याद कर रहे हैं। पिछले 30 वर्षों में मेरा उनसे कई बार सामना हुआ। हर बार एक नया अनुभव मिला। मेरा छोटा बेटा और डा. मनमोहन सिंह का दोहता माधव दिल्ली के सरदार पटेल विद्यालय में पहली कक्षा से 12वीं कक्षा तक साथ पढ़े। इसलिए इन दोनों बच्चों के जन्मदिन पर मेरी पत्नी और डा. सिंह की बेटी अपने सुपुत्र को लेकर जन्मदिन की पार्टी में आती-जाती थीं। जब डा. सिंह वित्त मंत्री थे तो मेरी पत्नी ने उनके कृष्णा मेनन मार्ग के निवास से लौट कर बताया कि उनकी यह पार्टी उतनी ही सादगीपूर्ण थी जैसी आम मध्यमवर्गीय परिवारों की होती है। न कोई साज सज्जा, न कोई हाई-फाई केटरिंग, सब सामान घर की रसोई में ही बने थे। कोई सरकारी कर्मचारी इस आयोजन में भाग-दौड़ करते दिखाई नहीं दिए। माधव के माता-पिता और नाना-नानी ही सभी अतिथि बच्चों को खिला-पिला रहे थे। सरदार पटेल विद्यालय के वार्षिक समारोह में डा. मनमोहन सिंह भारत के वित्त मंत्री के नाते मुख्यातिथि थे। विद्यालय की मशहूर प्राचार्या श्रीमती विभा पार्थसारथी, अन्य अध्यापकगण और हम कुछ अभिभावक उनके स्वागत के लिए विद्यालय के गेट पर खड़े थे। तभी विद्यालय का एक कर्मचारी प्राचार्या महोदया के पास आया और बोला कि एक सरदार जी हॉल में आकर बैठे हैं और आपको पूछ रहे हैं। विभा बहन और हम सब तेजी से हाल की ओर गए तो देखा कि वह डा. मनमोहन सिंह ही थे। हुआ यह कि वे आदत के मुताबिककैबिनेट मंत्री की गाड़ी, सुरक्षा काफिला साथ न लाकर अपनी सफेद मारुति 800 कार को खुद चला कर विद्यालय के उस छोटे गेट से अंदर आ गए जहां वे अक्सर माधव को स्कूल छोड़ने आते रहे होंगे। हवाला कांड के अभियान के दौरान मैं देश के हर बड़े दल के नेताओं के घर जाकर उनसे तीखे सवाल करता था और पूछता था कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इतने बड़े कांड पर संसद मौन क्यों है? आप लोग सरकार से सवाल क्यों नहीं पूछते कि कश्मीर के आतंकवादियों को हवाला के जरिए अवैध धन पहुंचाने के मामले में सी.बी.आई. जांच क्यों दबाए बैठी है? इसी दौरान मैं तत्कालीन वित्त मंत्री डा. मनमोहन सिंह से मिलने उनके आवास भी गया। वे और उनकी पत्नी बड़े सम्मान से मिले। शिष्टाचार की औपचारिकता के बाद मैंने उनसे पूछा, ह्यआपकी छवि एक ईमानदार नेता की है। ये कैसे संभव हुआ कि बिना यूरिया भारत आए करोड़ों रुपए का भुगतान हो गया? फिर मैंने कहा, ह्यहर्षद मेहता कांड और अब जैन हवाला कांड आपकी नाक के नीचे हो गए और आपको भनक तक नहीं लगी, ऐसे कैसे हो सकता है कि वित्त मंत्रालय को इसकी जानकारी न हो? यह भी संभव नहीं है कि आपके अफसरों ने आपको अंधेरे में रखा हो।

## बाबू आरएन सिंह की जयंती पर दिव्यांगों को आटा चक्की का उपहार



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** उत्तर भारतीय संघ के रचनात्मक विकास का इतिहास लिखने वाले पूर्व अध्यक्ष तथा पूर्व विधायक बाबू आरएन सिंह की 77 वीं जयंती के अवसर पर एक जनवरी 2025 को बांद्रा पूर्व के उत्तर भारतीय संघ भवन में स्थित बाबू सत्यनारायण सिंह सभागृह में शाम 4 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में 15 दिव्यांगों को आटा चक्की (घरघंटी) का निशुल्क वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर भजन संगीत संध्या का भी आयोजन किया गया है। बाबू आरएन सिंह के सुपुत्र तथा उत्तर भारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष सिंह ने लोगों से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। दिव्यांगों के लिए यह नए वर्ष का उपहार रहेगा।

## भाजपा द्वारा सदस्यता वह मतदाता पहचान पत्र शिविर आयोजित



**वसई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा वसई के अध्यक्ष कल्पेश पांडेय के नेतृत्व में वसई वेस्ट में वार्ड नंबर 95 और वार्ड 104, अग्रवाल सर्कल, स्टेला अय्यप्पा मंदिर मुख्य मार्ग के पास आयोजित सदस्यता अभियान 2024, मतदाता पहचान पत्र और आयुष्मान भारत कार्ड शिविर के लिए नागरिकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इस शिविर में वरिष्ठ नागरिक संयोजक मुकेश शाह, कमलेश त्रिवेदी, बॉबी डिसूजा, दीपक झा, सुमित्रा यादव, जया पुजारी, पूनम मिश्रा, काजल, दिव्या और युवा मोर्चा के महामंत्री कैलाश बोराना, महामंत्री निखिल शर्मा, उपाध्यक्ष परमेश मौर्य, प्रह्लाद यादव, सोशल मीडिया संयोजक अभिषेक तिवारी एवं टीम के अन्य सभी सदस्य ने इस कैंप को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग प्रदान किया।

## केप्री लोन्स को ईटी नाउ बेस्ट ब्रांड्स कॉन्क्लेव-2024 में बेस्ट ब्रांड्स का सम्मान मिला

**मुंबई।** केप्री लोन्सह के ब्रांड नाम वाली देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी, केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड को आज ईटी नाउ बेस्ट ब्रांड्स कॉन्क्लेव-2024 में बेस्ट ब्रांड्स- 2024 अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कंपनी के लगातार उम्दा कामकाज, विकास की राह पर मजबूती से बढ़ते कदम और देश में फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर में शानदार योगदान की वजह से यह सम्मान दिया गया है। अपने क्षेत्र में ऊँचा मुकाम हासिल करने वाले और ग्लोबल-लोकल बेंचमार्क सेट करने वाले संगठनों को बेस्ट ब्रांड्सह अवॉर्ड दिया जाता है। फाइनेंशियल ईयर 2023-2024 में केप्री लोन्स सबसे आगे रहा, और इस अवॉर्ड के लिए कंपनी को ब्रांड वैल्यू, लॉन्गेविटी, सालाना कारोबार, ग्रोथ रेट, ब्रांड रिकॉल, कर्मचारियों की संख्या और दूसरी उपलब्धियों जैसी सभी प्रमुख कसौटियों पर परखा गया। इस अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन मुंबई में किया गया था, जहाँ भारत के सबसे प्रभावशाली ब्रांड्स को सम्मानित करने के लिए इंडस्ट्री लीडर्स और इनोवेटर्स एकजुट हुए। इस मौके पर केप्री लोन्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री राजेश शर्मा ने कहा, हम लगातार कुछ बेहतर कर दिखाने के अपने इरादे पर अटल हैं और भारत में फाइनेंशियल एंपावरमेंट को बढ़ावा देना ही हमारा मिशन है। ईटी नाउ के बेस्ट ब्रांड्स-2024 की सूची में शामिल होने का सम्मान भी यही दर्शाता है। केप्री लोन्स ने अपने ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाले एक जिम्मेदार ब्रांड के रूप में अपनी पहचान बनाई है, हम लोगों के सपनों और उन सपनों के पूरा होने के बीच के अंतर को दूर करना चाहते हैं। हम अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और अपने सभी भागीदारों के लिए इनोवेशन और वैल्यू क्रिएशन के लिए संकल्प पर कायम हैं। केप्री लोन्स अपनी स्थापना के बाद से ही फाइनेंशियल इन्क्लूजन को आगे बढ़ाने और कमजोर तबके के लोगों को सक्षम बनाने में सबसे आगे रहा है। इनोवेटिव और ग्राहकों के लिए सही फाइनेंशियल सॉल्यूशंस उपलब्ध कराना ही कंपनी का मिशन है, और हमारे भागीदार भी इस मिशन के साथ गहराई से जुड़ाव महसूस करते हैं। केप्री ग्लोबल ने बीते कुछ सालों में देश में अपनी मौजूदगी को बढ़ाया है और अलग-अलग बाजारों में अपनी सेवाएं उपलब्ध कराई हैं।

## बिहार स्टूडेंट्स का एलन कोटा विक्ट्री कार्निवल में सम्मान

**मुंबई/पटना।** कॅरियर सिटी कोटा में सक्सेस का सबसे बड़ा सेलीब्रेशन एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड का विक्ट्री कार्निवल दशहरा मैदान में मनाया गया। यहां जेईई व नीट में सफल हुए स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक भावी डॉक्टर व इंजीनियर्स व उनके परिजन पहुंचे। कार्निवल थीम पर हुए इस आयोजन में नीट में 720 में से 720 अंक प्राप्त करने वाले दरभंगा के माजिन मंसूर के साथ 400 से अधिक बिहार के स्टूडेंट्स भी पहुंचे। इनमें बिहार के अधिकांश जिलों से कोटा रहकर पढ़ाई करते हुए सफलता प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स शामिल थे।

कार्यक्रम में एलन के निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने विद्यार्थियों को मैडल पहनाए। इस अवसर पर एजीएम एवं एचओडी भी मौजूद रहे।

बिहार के रोहतास से आए अमृतनाथ अमर, मुजफ्फरपुर से अमय भूषण, जमुई के अंकित कुमार एवं अररिया की श्रेया सिंह ने बताया कि कोटा जैसी पढ़ाई पूरे देश में कहीं नहीं होती। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में पढ़ना और पढ़ाना एक मिशन है। यहां स्टूडेंट्स को सिखाया जाता है कि नीट व जेईई एग्जाम की तैयारी के लिए पढ़ाई कैसे करनी है। यहां नेशनल लेवल का कम्पीटिशन मिलता है, जिससे स्वयं का आकलन अच्छे से हो सकता है, ये किसी और शहर में मुमकिन नहीं है।

# केसीएन क्लब की साहित्यिक उपशाखा निर्झरिणी द्वारा आयोजित 14 वां राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न

- साहित्य रत्न पुरस्कार 2023 के विजेता बने डॉ. कृपाशंकर मिश्र
- निर्झरिणी अध्यक्ष कुमार कलहंस की पुस्तक जीवन का त्योहार निराला का किया गया लोकार्पण

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटिजन्स नीड़ क्लब (के.सी.एन. क्लब) की साहित्यिक उपशाखा निर्झरिणी द्वारा 14 वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन दिनांक 28 व 29 दिसम्बर को पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत अमेया पार्क में स्थित उत्तर भारत सेवा समिति के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस में साहित्यिक पहलुओं पर चिंतन मंथन व साहित्य रत्न सम्मान 2023 का चयन प्रक्रिया द्वारा किया गया। इस पुरस्कार हेतु 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके उपरांत चयन समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों में डॉ वरिष्ठ साहित्यकार सम्पादक गोरेगांव मुंबई कृपाशंकर मिश्र को स्वीकृति प्रदान करते हुए उनके नाम का पत्र अध्यक्ष हस्ताक्षर के साथ जारी किया। प्रथम दिवस शाम को नवम्बर माह की काव्यगोष्ठी आयोजित की गई। दूसरे दिन के कार्यक्रम में साहित्य रत्न सम्मान 2023 वितरण व निर्झरिणी अध्यक्ष कुमार कलहंस की पुस्तक ₹जीवन का त्योहार निराला₹ का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार व पालघर हिंदी साहित्य समिति के अध्यक्ष अमित दुबे ने किया। प्रमुख अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय गजलकार डॉ.सागर त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथियों में संस्था के संरक्षक एडवोकेट शोभनाथ त्रिपाठी, काव्यसृजन के संस्थापक अध्यक्ष शिवप्रसाद जमद्गनपुरी, काव्यसृजन के अध्यक्ष श्रीधर मिश्र आत्मिक, सामाजिक साहित्यिक जागरूकता मंच के अध्यक्ष भोलानाथ तिवारी मूर्धन्य, उद्योजक वसई राम आश्रय यादव, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पं राजू शर्मा, बिल्डर ओझा, राष्ट्रीय मानवाधिकार महिला एवं बाल विकास आयोग अध्यक्ष दयाराम मिश्र, अधिवक्ता के.आर. तिवारी, लोक कल्याण संस्था के अध्यक्ष स्वामीनाथ पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करने के पश्चात नन्ही बालिका अश्मिता मिश्र द्वारा स्वागत गीत गाया गया। ततपश्चात केसीएन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्रा त्यागी के घोषणा के बाद साहित्य रत्न सम्मान 2023 हेतु डॉ कृपाशंकर मिश्र को मंच पर आमंत्रित करते हुए निर्झरिणी कमेटी द्वारा उनको साहित्य रत्न सम्मान 2023 (21000/- इक्कीस हजार रुपये की धनराशि) प्रमाणपत्र, सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया। डॉ कृपाशंकर मिश्र द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में कार्यक्रम अध्यक्ष अमित दुबे सहित गणमान्य अतिथियों द्वारा निर्झरिणी अध्यक्ष द्वारा रचित पुस्तक ₹जीवन का त्योहार निराला₹ का लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में चन्दन झा, राकेश शर्मा, इम्तेयाज खान, संजय यादव, आनन्द गौतम, हिंदी विशेषज्ञ दिनेश चौहान, कवि बसन्त चौहान, कवि श्याम बाबू गुप्ता, कवि नवरत्न मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, अभिजीत मिश्र, संजय श्रीवास्तव, अरविंद दुबे, आनन्द दुबे, पत्रकार अदालत भगत, हरिओम शरण मिश्र, मृत्युंजय पाण्डेय, अजीत सिंह, अस्मित मिश्र, अरविंद दोषी, संगीता जायसवाल, जयंती महतो, विजय मौर्या सहित अन्य अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केसीएन क्लब के अध्यक्ष नंदन मिश्र त्यागी ने व आभार स्वामीनाथ पाण्डेय ने व्यक्त किया।




## विधायक मुरजी पटेल ने केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का लिया आशीर्वाद



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अंधेरी के नवनिर्वाचित विधायक मुरजी भाई पटेल ने गत दिनों रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर रामदास आठवले ने विधायक मुरजी भाई पटेल का अभिनंदन किया। मुरजी पटेल ने रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की मदद से विधायक बनने पर केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले का आभार जताया। इस अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव गौतम सोनवणे, सचिव परशुराम वाडेकर और अंधेरी तालुका अध्यक्ष संजय खंडागले और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# शो किड्स ग्रुप सांताक्रूज मुंबई द्वारा आदिवासी लड़कियों को निःशुल्क ड्रेस वितरित

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिला परिषद विद्यालय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय कालीधोंड को भाऊसाहेब शेटे महाराष्ट्र राज्य पुरस्कार के योगदान के माध्यम से आदिवासी लड़कियों को एक बार पांच से सात पोशाकें भेंट दी गईं। आंगनवाड़ी, बालवाड़ी, कक्षा 1 से 10 तक के बालक-बालिकाओं को 20 दे गयी। कालीधोंड में पोशाकें वितरित की गई' जिला परिषद कालीधोंड द्वारा 147 बालिकाओं को पोशाकें वितरित की गई। जिला परिषद ने जांभूलविहीर विद्यालय में एक-एक कर 35 पोशाकें वितरित कीं। संस्था के प्रमुख हरजी भाई ने इस जश्न को मनाते हुए कहा कि पांच से सात ड्रेस की कींमत लगभग दो से ढाई हजार रुपये है। हरजी भाई के साथी ने शेटे सर को बताया कि जब मैं बच्चा था तो मुझे कपड़े पहनने की इजाजत नहीं थी। मैं फटी हुई ड्रेस पहनकर स्कूल जा रहा था। मुझे इसका एहसास तब हुआ जब मैं गरीब था। एक अमीर आदमी ने मुझे डाँटा। कितना गंदा है, आपके पास ठीक से पहनने के लिए कपड़े नहीं हैं। तुम मेरे साथ खड़े होने के लायक नहीं हो। फिर मैंने कड़ी मेहनत की. मैं अपने साहस के बल पर बड़ा हुआ हूं। मैंने कपड़े की दुकान छोड़ दी। मैं अपने हिस्से से कुछ गरीबों के बच्चों को दान करूंगा। इस बात को ध्यान में रखा था। मैंने आज इसे सच कर दिखाया। मैं गरीबों के बच्चों को जितने कपड़े आ सकें उतने कपड़े दान करूंगा। मेडगे सर के परिचय पर उन्होंने इस यात्रा को आदिवासी क्षेत्र से जवाहर शहर तक कालीधोंड की आदिवासी लड़कियों के लिए मोड़ दिया और शेटे सर के योगदान से इस पहल को जिला परिषद कालीधोंड में रखा गया।



# विद्यार्थियों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से विमान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** छात्रों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति झुकाव पैदा करने के लिए गत दिनों साकीनाका के समता विद्यालय में विमान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

छात्रों में शिक्षा के अलावा अन्य क्षेत्रों का भी अध्ययन करना चाहिए आज समय की मांग भी है। इसी परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए साकीनाका स्थित समता विद्या मंदिर स्कूल में एक दिवसीय हवाई अड्डा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय सचिव राजेश सुभेदार एवं कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति सुभेदार के मार्गदर्शन में विद्यालय में इस एक दिवसीय विमान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अन्य स्कूलों के 1200 छात्रों ने भी प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और बहुत कुछ सीखा। विमानन मंचों, मालवाहक विमानों, यात्री विमानों, अंतरराष्ट्रीय हवाई प्रदर्शन, घरेलू हवाई प्रदर्शन आदि के सभी पहलुओं को प्रतिकृतियों के माध्यम से छात्रों को दिखाया गया। स्कूल के सचिव राजेश सूभेदार ने बताया कि विमानन के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं के उद्देश्य से स्कूल में यह हवाई प्रदर्शन स्थापित किया गया है।



# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ का स्नेह सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ का स्नेह सम्मेलन रविवार 29 दिसंबर 2024 को पालघर जिले के दहानू तहसील अंतर्गत चिंचनी में आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ देश के 22 राज्यों में काम कर रहा है। ऐसे ही पालघर जिले में मुंबई प्रदेश अध्यक्ष बाबा जोशी के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज को जोड़ने के लिए उनके हित के लिए उनके स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार के लिए संघ निरंतर कार्य कर रहा है पालघर जिला के जिला अध्यक्ष दिनेश पाठक समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूदत्त हाल में भगवान परशुराम की तस्वीर पर मल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन करते हुए किया गया। कार्यक्रम में छोटे छोटे व्यवसायिक स्टॉल भी लगाये गये थे। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ द्वारा आयोजित ब्राह्मण समाज के इस महासम्मेलन में पालघर जिले से लेकर संपूर्ण महाराष्ट्र से ब्राह्मण बंधु पधारे हुए थे। पालघर जिले के वसई विधानसभा की विधायिका स्नेहा पंडित दुबे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रही। उन्होंने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज आजादी से लेकर अब तक राष्ट्र सेवा में अपनी अहम भूमिका निभाया है। संस्कारों को अपने जीवन में उतारने और संतों के दिखाए गए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। ब्राह्मण समाज के ऊपर अभद्र टिप्पणी करने वालों के ऊपर एड्रेसिटी लगना चाहिए। एक हैं तो सेफ हैं संघ की मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए प्रयास करने की बात कहा पालघर जिले में जल्द ही ब्राह्मण भवन का निर्माण किया जाएगा मुंबई के दूरगामी इलाकों में ब्राह्मणों के स्वास्थ्य शिक्षा रोजगार के लिए संघ निरंतर प्रयास कर रहा हैं जल्दी अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ सदस्यता अभियान चलाएगी जिसमें ब्राह्मण समाज के लोगों को जोड़ने का काम किया जाएगा। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुलकर्णी जी के नेतृत्व में लोगों को शिक्षा रोजगार में मदद करने का प्रयास कर रहा है। जिला संगठक मनोज मिश्रा ने बोलते हुए कहा कि विश्व का हर ब्राह्मण हमारा भाई हैं ब्राह्मणों का उपेक्षा राष्ट्र के विकास में बाधा हैं देश के ब्राह्मण युवाओं को सदस्यता अभियान चलाकर जोड़ने का कार्य जल्द ही शुरू होगा। परशुराम आर्थिक विकास महामंडल की तरफ से बिना ब्याज का कर्ज उपलब्ध कराया गया हैं जो ब्राह्मण समाज के युवाओं को नए उद्योग धंधों और आर्थिक रूप स्वाबलंबी बनायेगा। इस सम्मेलन में विलास कौसादिकर (राष्ट्रीय सचिव), मोहिनी पटकी(प्रदेश अध्यक्ष), निखिल लातुरकर (प्रदेश कार्याध्यक्ष), बाबा जोशी (कोकणप्रांत अध्यक्ष), दिनेश पाठक (जिला अध्यक्ष), संध्या शहा पूरे, अमृता देशपांडे, हर्षल ओझा (युवा अध्यक्ष), कोमल जोशी (महिला अध्यक्ष, पालघर जिला) ममता शर्मा, संयुक्ता तामोरे, मुन्ना चौबे, आशुतोष दुबे, सुभाष पांडेय, सुशील मिश्रा, सुनील शर्मा, कौशल मिश्रा, देवीदत्त पोखरिया, कपीलदेव मिश्रा, संजय मिश्रा, मृत्युंजय पाण्डेय समेत बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।



# श्री मणिकंठा भक्त वृंदा की 27वीं अय्यपा स्वामी वार्षिक महापूजा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** साकीनाका पेरेरावाड़ी में श्री मणिकंठा भक्त वृंदा द्वारा आयोजित 27वीं अय्यप्पा स्वामी वार्षिक महापूजा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुई। साकीनाका के मणिकांत भक्त वृंदा की ओर से रविवार 29 दिसंबर 2024 को अयप्पा स्वामी महापूजा का आयोजन किया गया। इस महापूजा कार्यक्रम में गणहोम हवन, भजन, दोपहर में महाआरती और महाप्रसाद (अन्नदान) का वितरण किया गया. इस अयप्पा स्वामी महापूजा समारोह में विभाग के सभी श्रद्धालु, पेशेवर, सामाजिक और राजनीतिक नेता बड़ी संख्या में शामिल हुए और अयप्पा स्वामी के दर्शन और महाप्रसाद का लाभ लिया। इस बीच, मंडल के अध्यक्ष सुधाकर कोटियन, पदाधिकारी दीपक पुजारी, भास्कर सालियान, गणेश शेट्टी, अशोक शेट्टी, प्रभाकर शेट्टी, केशव सुवर्ण, दिनेश गोसावी, हरीश कुलल, हरीश पुजारी, अशोक मिलिट्री स्वामी ने वार्षिक महापूजा उत्सव को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। अय्यप्पा स्वामी की सफलता. विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में यह महापूजा कार्यक्रम बड़े ही भक्ति भाव से आयोजित किया गया। श्री मणिकंठ भक्त वृंदा की अयप्पा स्वामी दर्शन यात्रा रविवार 5 जनवरी २०२५ को प्रस्थान करेगी और मंगलवार 15 जनवरी 2025 को मुंबई पहुंचेगी।



# एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी टंकी का किया गया उद्घाटन

**पालघर (उत्तरशक्ति)।** शिवसेना (शिंदे गुट) के पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे के प्रयासों से तारापुर औद्योगिक क्षेत्र की ग्लैक्सी उद्योग समूह कंपनी के सी.आर.एस.फंड से नवनिर्मित एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी टांकी का मान्यवरों के हाथों लोकार्पण किया गया।

बतादें कि शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे पिछले कई सालों से कुंभवली ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने हेतु लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने पिछले सालों में कई योजनाओं को कुंभवली ग्राम पंचायत में लाने में सफल रहे।अब उन योजनाओं का जमीनी परिणाम आने लगा है। उसका ताजा तरीन उदाहरण तारापुर औद्योगिक क्षेत्र की ग्लैक्सी उद्योग समूह कंपनी के सी.आर.एस.फंड से नवनिर्मित एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी टांकी है, जिसका लोकार्पण किया गया। ग्लैक्सी उद्योग समूह कंपनी के सी.आर.एस.फंड से नवनिर्मित एक लाख लीटर क्षमता वाली पानी टांकी का लोकार्पण सी.आर.एस. हेड के अध्यक्ष कैप्टन अमरजीत दास, शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे, कंपनी प्रबंधक राजेश खटावकर के शुभ हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुंभवली ग्राम पंचायत की सरपंच तृप्ति संखे, ग्लैक्सी कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक योगेश ठाकुर, उपसरपंच अमित संखे सहित कुंभवली ग्राम पंचायत सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामस्थ मौजूद रहे।



उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्ल्यू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# गृहस्थी के सामान समेत दो गायें झुलसी, जांच में जुटी पुलिस

## बोला पीड़ित- साहब मेरे पट्टीदार पुरानी रंजिश के चलते रिहायशी मड़हे में लगा दिये आग

**गुड़िया राज,** केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मेहौड़ा में शनिवार की रात एक बड़ी घटना उस समय सामने आई जब मनबढ़ों ने कथित तौर पर एक रिहायशी मड़हे में आग लगा दिया। घटना में दो गायें गंभीर रूप से झुलस गईं जबकि पीड़ित परिवार का सारा कपड़ा और



गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित रंजू यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए लिखिए रूप से पुरानी रंजिश को लेकर पट्टीदारों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर पीआरवी की टीम और अग्निशमन दल ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर भारी आक्रोश है। वहीं इस बाबत पूछे जाने पर स्थानीय पुलिस का कहना है कि जो भी दोषी ही आग लगाने का होगा जांच के बाद उन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वाराणसी में महिला से अभद्रता में दशाश्वमेध एसएचओ लाइन हाजिर

## मोबाइल चोरी की शिकायत पर भगाया, सीपी ने महिला भेजकर जांचा था व्यवहार

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के के थानों में शिकायतकर्ता महिलाओं और बुजुर्गों से दुर्व्यवहार की सूचनाएं पुलिस कमिश्नर की जांच में सही निकली। सीपी की ओर से भेजी गई महिला से दशाश्वमेध इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने अभद्रता की, सूचना देते ही उस पर भड़क गए और मनमाने तरीके से उल्टा सीधा भी कहा। पीड़िता की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की और औपचारिकता करके उसे लौटा दिया। थाने में मोबाइल चोरी की शिकायत लेकर पहुंची महिला से अभद्रता इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार को भारी पड़ गई। महिला शिकायतकर्ता से दुर्व्यवहार के आरोपी इंस्पेक्टर को पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने लाइन हाजिर कर दिया। उसके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी। हालांकि पिछले दिनों एक अन्य थाने की भी जांच कराई जहां सब ठीक मिला। पुलिस कमिश्नर ने पर्यटक थाना के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र प्रसाद को दशाश्वमेध थाने की जिम्मेदारी दी है। वहीं ऐसी कार्यशैली वाले थानेदारों, चौकी इंचार्जों समेत सभी पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से परिवर्तन लाने अन्यथा कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। बता दें कि प्रमोद पांडे को हटाने से कुछ देर पहले ही काशी विश्वनाथ मंदिर से दो दरोगा समेत 104 पुलिस कर्मियों को भी हटाया गया था। रविवार की रात पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने पुलिस लाइंस सभागार में जिले की समीक्षा बैठक शुरू करते ही प्रभारी निरीक्षक दशाश्वमेध प्रमोद पाण्डेय को लाइन हाजिर कर दिया। सीपी ने कहा कि महिला अपराधों में शामिल छेड़खानी, अपहरण, बलात्कार और गुमशुदगी पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई नहीं करने वाले थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अब सीधे निलंबित किए जाएंगे। वहीं सड़कों से जाम और अतिक्रमण हटाने में असफल थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी भी अपने पदों पर नहीं रहेंगे। ऐसे लापरवाहों की तत्काल पुलिस लाइन में आमद कराई जाएगी। सीपी ने यातायात, महाकुंभ, त्रिनेत्र, पर्यटन की बिंदुवार समीक्षा की। सभी थानेदारों और चौकी इंचार्ज को स्पष्ट निर्देश दिया कि शहर की प्रमुख सड़कें पूरी तरह से खाली और अतिक्रमण मुक्त करें। सड़कों और फुटपाथ पर दुकान, वाहन समेत किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। डीसीपी और एसीपी ट्रैफिक व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे और अधिक जाम लगने वाले क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर समायोजन करें। ट्रैफिक फ्लो को बेहतर करने के लिए ऑप्शनल रूट या बाईपास की व्यवस्था करें, जिससे मुख्य मार्गों पर वाहनों का दबाव कम हो सके। सभी थाना इंचार्ज और चौकी प्रभारी करेंगे रात्रि में गश्त करें, मुख्यालय और जोन स्तर पर राजपत्रित अधिकारियों से चेकिंग कराई जाए। हाईवे पर खड़े वाहन दुर्घटना के कारक बन सकते हैं इसलिए वाहन न खड़े होने दिया जाएगा। थानों पर नियुक्त पुलिस बल का सही प्रबन्धन किया जाए। पुलिस बल की रात्रि गस्त व पिकेट में ड्यूटी लगाई जाए।




*पर्यटकों के लिए 4 नई चौकियां गठित*
वाराणसी पुलिस कमिश्नर ने काशी आने वाले पर्यटकों के मार्गदर्शन और सहायता के लिए 4 पर्यटक चौकियों का गठन किया है। इसमें पहली चौकी का कार्यक्षेत्र काल भैरव मन्दिर के साथ नमो घाट की होगी। दूसरी चौकी का कार्यक्षेत्र श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर दशाश्वमेध घाट तक होगा। वहीं अस्सी घाट पर पर्यटकों के दबाव बढ़ने पर अतिरिक्त सहायता चौकी भी कार्य करेगी। सीपी ने सारनाथ पर्यटक क्षेत्र का गठन करते हुए उसे भी एक चौकी क्षेत्र बनाया। सीसीटीवी नहीं लगवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी कैमरों को त्रिनेत्र भवन से लिंक कराया जाए। महाकुंभ को लेकर सतर्कता और तैयारियों पर मंथन प्रयागराज महाकुंभ को लेकर सीपी ने बिंदुवार समीक्षा में बताया कि श्रद्धालुओं के आवागमन व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। होटल, ढाबा, सराय, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन तथा भीड़-भाड़ वाले स्थलों की निरन्तर स्निफर डॉग एवं इऊ टीम से सघन चेकिंग कराई जाए। सड़कों के किनारे व खुले स्थानों पर अस्थाई रूप से बसे लोगों का सत्यापन करें और विवरण रखे। महिलाओं, बुजुर्गों व दिव्यांगों के सुरक्षा और सहयोग के साथ ही भीड़ प्रबन्धन, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए योजना बनाकर काम करें। क्व्ह्र से प्राप्त होने वाले शिकायत पर शिकायतकर्ता की शिकायत का पूरी संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध निस्तारण किया जाए। चौकी प्रभारी तक आवंटित सीयूजी के प्रत्येक कॉल को रिसीव करें। सीपी की मीटिंग में इनकी रही मौजूदगी कानून-व्यवस्था, सुगम यातायात, अतिक्रमण और नएवर्ष समेत महाकुम्भ की तैयारियों पर बैठक में अपर पुलिस आयुक्त एस. चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव बंशवाल,पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन चन्द्रकान्त मीना, पुलिस उपायुक्त यातायात हृदेश कुमार, एडीसीपी काशी नीतू कादयान, एडीसीपी वरुणा सरवणन टी.एसीपी चेतगंज गौरव कुमार, एसीपी कैंट विदुष सक्सेना,एसीपी सारनाथ अतुल अंजान त्रिपाठी, एसीपी भेलूपुर धनंजय मिश्रा,एसीपी कोतवाली ईशान सोनी, एडीसीपी श्रुति श्रीवास्तव समेत अन्य सभी सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी/थानाध्यक्ष,यातायात निरीक्षक, चौकी प्रभारी/हल्का प्रभारी उपस्थित रहे।

# प्रेमिका का शोषण करने के बाद शादी से मुकरा प्रेमी

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। प्यार में पागल युवक और युवती एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाने लगे मगर युवती की आंख तब खुली जब प्रेमी शादी करने से मुकर गया। बताया जाता है की नगर के एक मुहल्ले का निवासी 25 वर्षीय युवक का पड़ोस के दूसरे मुहल्ले की एक युवती से प्रेम सम्बंध हो गया।काफी समय से चल रहे इस प्रेम कहानी में कुछ दिनों से कुछ अनबन होने लगी तो प्रेमिका लड़के पर शादी का दबाव बनाने लगी।मगर किन्ही बातों से खिन्न होकर और शोषण का आरोप लगाते हुए लड़की शादी से इनकार कर दिया।और प्रेमी को उसके किये की सजा दिलाने के लिए पुलिस का दरवाजा खटखटाई और पूरी प्रेम कहानी कह सुनाई।मामला जानने के बाद पुलिस उक्त प्रेमी को थाने लाकर पूछताछ की और दोनों को फिर से एक बार समझने का मौका दिया।मगर प्रेमिका प्रेमी को जेल भेजवाने की जिद पर अड़ी रही। खबर लिखे जाने तक कोई मुकदमा नही हुआ था।

**मामला पहुंचा थाने पुलिस जांच में जुटी**

# दो माह में तहसीलदार को मामले का निस्तारण का निर्देश

## 18 साल बाद जगी न्याय की उम्मीद, फर्जी भाई बनकर जमीन बैनामा करने का मामला

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। दर दर भटकते भटकते एक महिला वृद्ध अवस्था तक




पहुंच गई तब कहीं जाकर न्याय की उम्मीद की किरण नजर आई।कोतवाली शाहगंज के ग्राम समैसा निवासी सुरसत्ती देवी पत्नी रामअचल के पड़ोस का ही एक व्यक्ति छोटेलाल को फर्जी भाई बनाकर सुरसत्ती देवी के करोड़ो की जमीन फर्जी दस्वावेज के सहारे छोटेलाल ने अपने नाम करा लिया।इसकी जानकारी होने पर सुरसत्ती देवी के पैरों तले जमीन खिसक गई।सुरसत्ती देवी ने मामले की शिकायत शहगंज तहसीलदार के यहां की।जहां अठारह वर्षों से मामला लंबित था।इस बीच सुरसत्ती देवी कई बड़े अधिकारियों के दरवाजे खटखटाये मगर कोई हल नही निकल सका।जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मानदंड के शाहगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुरसत्ती से जब मामले को सुना तो जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने उपजिलाधिकारी को आदेशित करते हुए मामले को जल्द से समाधान करने को कहा। उसके मामले एसडीएम की कोर्ट में चला गया जहां कुछ वर्ष मामले चलने के अंततः 18 वर्षों बाद वर्तमान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने उक्त मामले में आदेश करते हुए कहा की अपील करती द्वारा प्रस्तुत अपील स्वीकार की जाती है।अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेश 16/12/19निरस्त किया जाता है। एवं पत्रावली अवर न्यायालय को इस निर्देश के साथ प्रत्यावर्तित की जाती है कि पक्षों को साक्ष्य एवं सुनवाई का अवसर देकर उपरोक्त प्रस्तरों में की गयी विवेचना के क्रम मे गुण-दोष के आधार पर दो माह मे वाद का निस्तारण करें। इस न्यायालय की पत्रावली आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभिलेखागार संचित हो।फिलहाल लगभग दो दशक से मुकदमे झेल रही सुरसत्ती देवी को न्यायालय पर अब पूरा भरोसा है की दो माह में जो फैसला आएगा वो सत्य की जीत की होगी।

> राजनैतिक हस्तक्षेप के कारण 18 वर्षो तक लटका रहा मामला-एडवोकेट जेबी सिंह इस मामले की पैरवी कर रहे तहसील शाहगंज के वरिष्ठ अधिवक्ता जेबी सिंह ने कहा की प्रशासनिक मामलों में राजनैतिक दखल के कारण मामला 18 वर्षों तक लटका रहा। उन्होंने आरोप लगाया की सत्ताधारी पार्टी के कुछ कथित नेताओ का भी हाथ होने से एक अबला नारी को न्याय मिलने में इतना लंबा समय लगा। उन्होंने कहा 225. सद्भावनापूर्वक की गयी कार्यवाही का संरक्षण( 1 ) राज्य सरकार का कोई अधिकारी या सेवक इस संहिता या तद्दीन बनायी गयी नियमावली के अधीन किए गए या किए जाने के लिए तात्पर्पित किसी कार्य के सम्बन्ध में किसी सिविल या आपराधिक कार्यवाही में दायी नहीं होगा यदि 3 [वह] कार्य सद्भावनापूर्वक किया गया है और इस संहिता द्वारा या इसके अधीन] अधिरोपित कर्तव्य के निष्पादन या कृत्यों के निर्वहन के समय किया गया है। इन निदेर्शों का भी पालन न करना भी देरी से न्याय मिलने का एक कारण है।

> पूरा भरोसा था पाप का घड़ा भरेगा और मुझे न्याय मिलेगा- सुरसत्ती देवी लंबे वर्षों के इंतजार के बाद सुरसत्ती देवी ने बताया कि मुझे शासन प्रशासन पर पूरा भरोसा था।की एक दिन मुझे न्याय जरूर मिलेगा। आज वह दिन आगया। एक सवाल के जवाब में सुरसत्ती देवी ने कहा की इन 18 वर्षों में मेरी एक जमीन बिक गयी हालात भीख मांग कर खाने की नौबत आगयी मगर अब एक आस जगी है की तहसीलदार न्यायालय से मुझे दो माह के अंदर सम्पूर्ण न्याय मिलेगा और फर्जी बने भाई को उसके करनी की सजा मिलेगी।

# मायावती के निर्देश पर हुआ धरना प्रदर्शन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जगह-जगह हो रहे धरने प्रदर्शनों से जौनपुर भी अछूता नहीं रहा।विगत दिवस जौनपुर जिला मुख्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व राष्ट्रीय अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी, कु. मायावती के निर्देश पर एक धरना दिया गया,धरना समाप्ति के बाद राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिला मजिस्ट्रेट की अनुपस्थिति में नगर मजिस्ट्रेट को दिया गया, ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से आग्रह किया गया कि शीतकालीन सत्र के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में दिये गये अपने तथाकथित वक्तव्य से भारतीय संविधान के मूल निमार्ता डा. भीमराव अम्बेडकर के प्रति अमर्यादित और उपहासपूर्ण शब्दों का प्रयोग किया गया है। यह न केवल अशोभनीय है बल्कि जातिवादी मानसिकता को भी प्रदर्शित करता है। इससे बहुजन समाज के आत्मसम्मान व स्वाभिमान को काफी ठेस पहुंची है। डा. भीमराव अम्बेडकर जिन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को लोकतान्त्रिक मूल्य प्रदान किया,उनका इस प्रकार अपमान व अनादर किसी भी रूप में देशवासियों को स्वीकार्य नहीं है। बहुजन समाज के लोगों ने राष्ट्रपति से आशा किया कि वह सांविधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुए इस गंभीर मामले में सोच-विचार कर उचित कदम उठायेंगी। धरने का नेतृत्व मुख्य मंडल प्रभारी रामचंद्र गौतम व संचालन जिलाध्यक्ष डा.संग्राम भारती ने किया। धरने के बाद ज्ञापन देने में प्रमुख रूप से शोभनाथ चौधरी, डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ, डा. अनिल शर्मा, संजीव भारती, संतोष अग्रहरि, रामचंद्र नागर, विनोद कुमार भारती, अखिलेश, हरिश्चंद्र गौतम, धर्मेंद्र गौतम, ज्ञान सागर अम्बेडकर, सहबलाल जायस, विनय राव, चन्द्रेश भारती, लक्ष्मी नारायण गौतम सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में NCORD की जिला स्तरीय समिति की मासिक बैठक सम्पन्न

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में ठउडफळकी जिला स्तरीय समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के संबंधित सदस्यों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी मेडिकल स्टोर संचालकों को निर्देशित किया जाय कि सभी प्रकार के मनःप्रभावी दवाओं की बिक्री चिकित्सक के परामर्श पर ही ग्राहकों को बिक्री की जाय तथा उनके स्टाक का विवरण पंजिका में अद्यतन किया जाय। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक एवं दूरस्थ/सूनसान स्थानों पर जहाँ ड्रग्स की बिक्री की सम्भावना हो वहाँ पर सतर्क दृष्टि रखते हुए नियमित पेट्रोलिग की कार्यवाही की जाय। अस्पतालों, विद्यालयों एवं रेलवे/बस स्टेशनों के आस-पास पान मसाला, गुटका/दोहरा बेचने वाली दुकानों की चेकिंग/जांच किया जाय तथा पूर्ण रूप से जनपद में दोहरे की बिक्री पर रोक लगायी जाय। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि ड्रग्स की तस्करी एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु विभिन्न राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों एवं संदिग्ध स्थानों पर संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग की जाए तथा ड्रग्स पीड़ित व्यक्तियों के उपचार एवं नशे की लत छुड़ाने के संबंध में अस्पतालों मे व्यवस्था की जाए व उनके पुनर्वास के संबंध में यथावश्यक कार्यवाही की जाए।जिलाधिकारी ने फूड इस्पेक्टर एवम ड्रग इस्पेक्टर को निर्देशित किया कि मिलावटी खाद्य पदार्थों का नमूना लेते हुए कार्यवाही करे। उन्होंने उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार को निर्देश दिया कि जनपद में चल रहे मेडिकल स्टोर के लाइसेंस,रजिस्ट्रेशन एवम दवाओं की बिल तथा मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट बैठ रहे की नहीं उनकी जाँच करे।बैठक में समिति के सदस्य सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# बदलापुर पुलिस ने जानलेवा हमला करने वाले 2 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। डा0 कौस्तुभ, पुलिस कप्तान जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों/वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे।विशेष अभियान के क्रम में शैलेन्द्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर सुश्री प्रतिमा वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बदलापुर की पुलिस टीम द्वारा 02 वाछिंत अभियुक्तगण 1. दिलीप शर्मा पुत्र स्व0 दयाराम शर्मा उम्र करीब 27 वर्ष 2.जयप्रकाश शर्मा पुत्र स्व0 दयाराम शर्मा उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण वार्ड न0- 14 ग्राम सरोखनपुर थाना बदलापुर जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0- 529/24 धारा- 115(2)/ 351(2) /352/191(2)/109 भा0न्या0सं0 थाना बदलापुर जनपद जौनपुर में अभियुक्तगण के कब्जे से 02 लाठी/डण्डा बरामद करते हुए कारण गिरफ्तारी बताते हुए दिनांक 30.12.24 प्राइमरी स्कूल सरोखनपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय जौनपुर को भेजा गया।



## एकलौते बेटे की मिस्र में हुई मौत, शव भारत लौटने का परिजन कर रहे इंतजार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सऊदी अरब के पड़ोसी देश मिस्र से आई एक खबर से जलालपुर क्षेत्र के रहने वाले एक परिवार पर दर्द और दुख का पहाड़ टूट पड़ा, जब उनको यह पता चला की उनके एकलौते बेटे की मिश्र देश में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया और मां सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, मृतक इमरान मिस्र में कार पेंटिंग का कार्य करता था। हाल ही में एक हादसे में वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दौरान उसकी कमर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। तमाम इलाज के बावजूद युवक की जान नहीं बचाई जा सकी। बताया गया है कि युवक के पिता का निधन 15 साल पहले ही हो गया था। तब से उसकी मां के लिए वह जीवन का एकमात्र सहारा था। बेटे की मौत के बाद मां का यह सहारा भी छिन गया, जिससे परिवार पूरी तरह टूट गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोग शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने के लिए उनके घर पहुंच रहे हैं। परिवार के सदस्य अब बेटे के शव के भारत लौटने का इंतजार कर रहे हैं।

## गैर इरादतन हत्या के वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पुलिस कप्तान जौनपुर, डा0 कौस्तुभ द्वारा जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सिकरारा पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 30.12.2024 को मु0अ0सं 333/2024 धारा 105/115(2) बीएनएस थाना सिकरारा जनपद जौनपुर से सम्बन्धित एक बाल अपचारी सहित दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए विधिक कार्यवाही की गयी। नाम व पता अभियुक्त 1. अजय गौतम पुत्र संजय गौतम निवासी ग्राम सिकरारा पोस्ट भरतपुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष 2. बाल अपचारी शनि गौतम निवासी ग्राम सिकरारा पोस्ट भरतपुर थाना सिकरारा जनपद जौनपुर उम्र करीब 17 वर्ष।

## दुकानों की जाँच कर चाइनीज मांझा बिकी करने वालों के खिलाफ करें कार्यवाहीः डीएम

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आए दिन पतंगबाजी में चाइनीज मंझे के प्रयोग के कारण दुर्घटनाएं हो रही है, जिस कारण लोग घायल हो रहे हैं और अपनी जान भी गंवा रहे है जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा चाइनीज मान्झे की बिकी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी द्वारा नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी को सख्त निर्देश दिया गया है कि जनपद में घातक चाइनीज मान्झा की बिकी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाये जाए तथा इस मांझे को विक्रय करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही किया जाना जाए साथ ही साथ उन्होंने कहा कि जिस अधिकारी के क्षेत्र में चायनीज मांझा बिकता हुआ पाया जाता है एवं कोई अनहोनी होती है तो संबंधित अधिकारी के विरूद्ध भी दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**रियाजुल हक,** मुगराबादशाहपुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के नवीन सब्जी मंडी के सामने मुगरा बादशाहपुर मे शांति विलास मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल प्रयगराज के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। हास्पिटल के डायरेक्टर डा.अजय शुक्ला के नेतृत्व में चिकित्सकीय शिविर का आयोजन हुआ। जिसमे नाक, कान, गला टांसिल, एलेर्जी, महिला रोग संबंधित विभिन्न रोगों का निःशुल्क परामर्श एवं खून की जांच किया गया। इस मौके पर करीब 400 मरीजों का जांच किया गया वहीं पर सभी प्रकार के बीमारियो की जांच एव निःशुल्क दवा भी वितरित किया गया। वहीं पर प्रयागराज से चलकर आए डा.अजय शुक्ला ने कहा कि शांति विलास मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल ने यह अभियान चलाया है कि हर व्यक्ति के पास पर्याप्त पैसा नहीं होता है जिसको देखते हुए हमने यह अभियान हर एक छोटे बड़े मार्केट में निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गरीब असहाय लोगों की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। इस आयोजन से लोगों के चेहरे पर प्रसन्नता देखने को मिला. जहां पर डा.अजय मिश्र, डा.योगेश मिश्र, डा.शाह आलम आदि ने सभी प्रकार के मरीजों का मौके पर जाँच कराकर इलाज किया. इस कार्यक्रम मे अस्पताल के मीडिया प्रभारी रोहित, अभय, सुनील, अंशु, अनुज के साथ पैथोलॉजी इंचार्ज प्रभात मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन लाइव ड्रग केयर एजेंसी के डायरेक्ट द्वारा किया गया था।

# जौनपुर के 24 मंडल में से 18 मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि हुये घोषित

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ॰ महेन्द्र नाथ पाण्डेय की संस्तुति और जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के सहमति के उपरांत जिला चुनाव आधिकारी त्रयंबक त्रिपाठी ने जौनपुर के 24 मे से 18 मण्डल अध्यक्ष एवं 18 ही जिला प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किये गये हैं।जो निम्न है। बदलापुर विधानसभा से बदलापुर मंडल से मण्डल अध्यक्ष संजीव शुक्ला और जिला प्रतिनिधि विनोद शर्मा, घनियामऊँ मंडल से मंडल अध्यक्ष अमित कुमार चौहान जिला प्रतिनिधि बलवीर गौड़, सिंगरामउ मंडल से क्रमशः सिकन्दर मौर्य और नारायण तिवारी और महाराजगंज मंडल से सिद्धार्थ सिंह और विकास मिश्रा और शाहगंज विधानसभा से शाहगंज मंडल से क्रमशः चिन्ताहरण शर्मा और प्रदीप कुमार जायसवाल खुटहन मंडल से बसन्त लाल मौर्य और अमरनाथ शर्मा जमुनियाँ मंडल से अशोक बिन्द और सुधीर कुमार सिंह एव सुईथाकला मंडल से अनिल सिंह और हृदय नारायण शुक्ल और अरसियाँ मंडल से अवधेश दूबे एव भोला सिंह'भीम' जौनपुर विधानसभा से जौनपुर दक्षिणी मंडल से डॉ॰ कमलेश निषाद और अमित श्रीवास्तव एव जौनपुर उत्तरी से श्रीमती सारिका सोनी एव मनीष सोनकर, करंजाकला मंडल से प्रशान्त रंजन सिंह एव राजकेशर पाल गभिरन मंडल से अजय यादव और बलिहारी राजभर खेतासराय मंडल से उपेन्द्र नाथ मिश्र एव मोखई बिन्द और मल्हनी विधानसभा से रामदयालगंज मंडल से लाल बहादुर पाल एव नरेन्द्र विश्वकर्मा और परशुरामपुर मंडल से सुरेन्द्र मिश्रा और जिलाजीत गुप्ता और बैजारामपुर मंडल से सुजीत सिंह एव विष्णु सोनकर एव सिकरारा मंडल से मंडल अध्यक्ष ब्रह्मदत्त गिरी एव जिला प्रतिनिधि अजय मिश्र घोषित किये गये। जिला मीडिया प्रभारी अमोद सिंह ने बताया कि मुंगराबादशाहपुर के सभी मंडल एव नौपेड़वा मंडल के मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि अभी किसी कारणवश घोषित नही हुये है जो जल्द ही घोषित कर दिये जाएगे।

# यूनुसपुर गांव में जरूरतमंदों को बांटे गए कंबल

**आफताब आलम**

खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कड़कड़ाती ठंड में गरीब और बेसहारा लोगों को राहत देने के उद्देश्य से सोंगर निवासी व भावी जिला पंचायत सदस्य आरिफ उर्फ चुनने ने सोमवार को शाहगंज ब्लॉक के यूनुसपुर गांव में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान गरीब और जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उन्हें कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर आरिफ ने कहा,ठंड के इस कठिन समय में जरूरतमंदों की मदद करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम धर्म और जाति से ऊपर उठकर इंसानियत को प्राथमिकता देते हुए लोगों को राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस आयोजन में प्रधान परमानंद यादव, सेराज अहमद, कृष्णानंद यादव, मोअज्जम मोहम्मद जावेद, इस्तियाक, विजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की। कंबल पाकर जरूरतमंदों ने राहत महसूस की और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।



गांव के लोगों ने आरिफ के इस सामाजिक कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे इंसानियत का सच्चा उदाहरण बताया। आरिफ ने आगे कहा कि वह भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे, ताकि जरूरतमंदों को हरसंभव सहायता पहुंचाई जा सके। इस पहल ने पूरे गांव में एक सकारात्मक संदेश दिया और ठंड के इस कठिन समय में राहत की उम्मीद जगाई।

## सुजानगंज पुलिस ने चोरी करने के मामले में 1 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तर शक्ति)। थाना सुजानगंज पुलिस ने चोरी करने के मामले में 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, दो जोड़ा सफेद धातु की पायल व 02 जोडा सफेद धातु की बिछुआ व 2000/- रुपया नगद बरामद-डा0 कौस्तुभ, पुलिस कप्तान जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष राजीव मल्ल थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर व उ0नि0 मनोज कुमार सिंह मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में थाना सुजानगंज में पंजीकृत मु0अ0सं0 418/2024 धारा 305 बीएनएस थाना सुजानगंज जौनपुर से सम्बन्धित अभियुक्त प्रदीप यादव पुत्र गुलाब यादव ग्राम सरायभोगी सुजानगंज जनपद जौनपुर को दिनांक 30.12.2024 को बदलापुर तिराहा के पास से हिरासत पुलिस में लिया गया। बाद कार्यवाही उपरोक्त गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।



## केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले को दी जन्मदिन की बधाई



मुंबई(उत्तरशक्ति)। रविवार के दिन रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया इंडिया (अ) अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय और सक्षमीकरण रामदास आठवले को उनके जनसंपर्क कार्यालय बांद्रा(पूर्व) मुंबई में शॉल और पुष्पगुच्छ देकर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी। इस मौके पर उत्तरशक्ति हिंदी दैनिक समाचार के संवाददाता सुखबिंदर सिंह, देवदास मुरांजन सहित कई लोगो मौजूद रहे।

## गणेश मंदिर में हुआ पौष बड़ा का आयोजन



चिराना(उत्तरशक्ति)।शेखावाटी के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोहार्गल धाम के बीच राह में आने वाले गणेश मंदिर में आज सुबह प्रगतिशील कुमावत समिति की ओर से सोमवती अमावस्या के दिन पौष बडा. प्रसादी का आयोजन समिति द्वारा किया गया। जिसमें समिति के पदाधिकारियों द्वारा सोमवती अमावस्या के पुण्य स्नान के लिए लोहार्गल आये हुए श्रद्धालुओं की पोष बडा.व गरमा गरम हलुआ वितरित कर सेवा की गई। 2024 के अंत में की गई यह शानदार सेवा यादों में रहेगी। इसके लिए गणेश मंदिर पधारे सभी का आभार समिति के सचिव अमोलक पारमुवाल ने जताया। इस दौरान समिति अध्यक्ष रामनिवास उज्जीवाल,फूलचंद लुहानीवाल,बिरजू राम अध्यापक,संतोष कुमावत,राजेंद्र घोड़ेला कोषाध्यक्ष,लालचंद पिपराली, शेखर चंद,रामूतार पारमुवाल,महेश बड़ीवाल,बिहारी लाल कोलसिया, मूलचंद फौजी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्रिकेट मैच के दौरान पिच पर खड़े बल्लेबाज को आया हार्ट अटैक

**महाराष्ट्र(उत्तरशक्ति)**। महाराष्ट्र के जालना में क्रिकेट खेलते हुए एक खिलाड़ी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब 'क्रिसमस ट्रॉफी क्रिकेट मैच' के दौरान विजय पटेल नामक खिलाड़ी खेल रहे थे। मैच के दौरान अचानक विजय पटेल पिच पर बैठ गए और उनकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। जब तक किसी को कुछ समझ आता, उनकी मौत हो चुकी थी। विजय पटेल मुंबई के नालासोपारा के रहने वाले थे। मैच के दौरान वह पूरी तरह से फिट और उत्साहित नजर आ रहे थे, लेकिन अचानक उन्हें सीने में दर्द हुआ और वह गिर पड़े। उनके साथी खिलाड़ियों ने तुरंत मेडिकल सहायता को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। विजय पटेल की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है, ऐसा अनुमान जताया जा रहा है। पुलिस और मेडिकल टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना ने जालना के लोगों और क्रिकेट प्रेमियों को झकझोर कर रख दिया है। आयोजन समिति ने मैच को तुरंत रद्द कर दिया और विजय पटेल के परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। विशेषज्ञों का कहना है कि शारीरिक गतिविधियों के दौरान दिल का दौरा पड़ने के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है, जो नियमित स्वास्थ्य जांच न कराए जाने के कारण हो सकता है।

## शिव शक्ति नवकुंडी गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

-संजय मिश्रा



मुंबई (उत्तरशक्ति)। मुंबई के माटुंगा में सात दिवसीय शिव शक्ति नवकुंडी गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ। इस बार के महायज्ञ में विगत वर्षो की अपेक्षा अधिक भीड़ देखने को मिली। बता दे की 22 दिसंबर से 29 दिसंबर तक होने वाले गायत्री महायज्ञ हवन की शुरूआत लगभग 1972 के आसपास पंडित त्रिभुवन दास द्विवेदी के द्वारा किया गया था। यह सात दिन का हवन -पूजा धूमधाम से होता है और सातों दिन मां के चरणों में भक्तों की भीड़ पहुंचती है। यहां पर दूर-दूर से भक्त मां के दर्शन करने के लिए आते हैं। पंडित अखिलेश द्विवेदी का कहना है कि जो लोग मन्नत मानते है उनकी मनोकामना पूरी होती है। यहां पर सातों दिन हवन के साथ भंडारा भी चलता है। हवन में शामिल होने वालों में मुंबई भाजपा प्रवक्ता उदय प्रताप सिंह, राकेश पांडे, रमेश शुक्ला, भारत शुक्ला, प्रेम त्रिपाठी, अनिल पटेल, संजय मिश्रा पूरे परिवार के साथ भाग लिया।

## ऋण दिलाने के नाम पर महिलाओं से 40 हजार की ठगी

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।जफराबाद थाना क्षेत्र के जमैथा गांव की महिलाओं से दो ठगों ने ऋण दिलाने के नाम पर हजारों रुपये की ठगी किया। जब तक महिलाओं को इसका ज्ञान हो पाया तो वे गायब हो चुके थे। इस गांव में पिछले कुछ दिनों से बाइक से दो युवक आ रहे थे। जो लोगो को बता रहे थे कि उनकी कम्पनी का कार्यालय चन्दवक बाजार में है। कम्पनी महिलाओं का समूह बनवा कर ऋण देती है। जिससे महिलाओं को रोजगार करने का अवसर मिलेगा। बहुत ही मामूली ब्याज लगेगा। उन दोनों ने कुछ दिन में गांव की 13 महिलाओं को अपने जाल में फंसा लिया। जब ऊक्त 13 महिलाओं की टीम ने समूह का गठन कर लिया। दोनो ठगों ने कहा कि सभी महिलाओं को दो हजार 300 रुपये देकर अपना बीमा करवाना होगा। महिलाओं ने किसी प्रकार पैसे जमा करके बीमा के लिए पैसा दे दिया।13 महिलाओं से 39 हजार 900 रुपये लेकर दोनो चले गए। उसके बाद उन लोगो ने मोबाइल भी बन्द कर लिया। ठगी का शिकार हुई महिलाएं चन्द्रकला देवी पत्नी उमाशंकर, उषा पत्नी दयाशंकर, विजयलक्ष्मी पत्नी विजयप्रकाश, सरिता पत्नी दूधनाथ गौतम, उषा पत्नी दीनदयाल, नगीना पत्नी प्रमोद गौतम, सीता देवी पत्नी कमलेश, सीमा देवी पत्नी रविन्द्र गौतम आदि ने बताया कि हम लोगो से दोनो बिजनेस करने के लिए ऋण देने तथा बिजनेस के कार्य मे भी सहयोग का झूठा वादा करके पैसा ठग लिए। गांव के लोग दोनो में एक कि फोटो तथा बाइक का नम्बर की फोटो खींच लिया है।

## मुंगरा में अतिक्रमण हटाने के लिये अधिकारियों ने दी चेतावनी

मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय नगर क्षेत्र के मार्गों पर सड़क की पटरियों पर अनाधिकृत रूप से लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के निर्देश पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ एवं क्षेत्राधिकारी परमानन्द कुशवाहा द्वारा पैदल निरीक्षण कर लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को समझाते हुए आगाह किया गया कि रविवार तक सभी लोग अपने टीन सेट व अन्य अतिक्रमण स्वयं हटाकर नगर पालिका द्वारा बनायी गयी नाली के पीछे कर लें। यदि लोगों द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो सोमवार प्रात 10 बजे से बृहद अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। अभियान प्रारम्भ होने के बाद जो भी उसके परिधि में आएगा उसके सभी सामान जब्त कर अतिक्रमण हटाने का खर्च भी उससे वसूल किया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गयी चेतावनी के बाद समूचे नगर में हड़कम्प मचा हुआ है। लोग स्वयं अपने टीनशेड व अस्थाई अतिक्रमण खोलकर हटाना शुरू कर दिए हैं। बहरहाल रविवार को पूरे नगर में अफरा-तफरी का माहौल रहा, क्योंकि जिलाधिकारी के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जो प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, उसे लोगों में धड़कने बढ़ गयी है। प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्रा ने भी लोगों को आगाह किया कि वह किसी भी कीमत पर रविवार तक अपने अतिक्रमण हटा लें।अन्यथा सोमवार को प्रशासन के निर्देश पर सारे अतिक्रमण हटाकर खाली कर दिये जायेंगे।

# कर्मवीर सम्मान से सम्मानित किए गए 560 हुनरमंद

सुरेश गांधी

वाराणसी। दी अग्रवाल ट्यूबवेल कम्पनी मलदहिया वाराणसी समूह का 60 वां स्थापना वर्ष धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर तपोभूमि ऑन गेंगेज रिसार्ट करसड़ा, वाराणसी में वाराणसी, चन्दौली, मिजार्पुर, भदोही, आजमगढ़ सहित पूर्वांचल के 560 हुनरमंदों को कर्मवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कम्पनी के पार्टनर विपिन अग्रवाल एवं मुकेश अग्रवाल द्वारा अतिथियों एवं ग्राहकों का स्वागत कर किया गया। इस दौरान विपिन अग्रवाल द्वारा कंपनी के उतार चढ़ाव से भरपूर पिछले 59 वर्षो की यात्रा एवं उपलब्धियों की चर्चा करते हुए हुनरमंदों का हौसलाफजाई भी किया गया। उन्होंने कहा कि कर्मवीर किसी




भी कंपनी के धरोहर होते है, उनकी मेहनत व अच्छी सर्विसिंग से ही कंपनी का नाम रोशन होता है। विपिन अग्रवाल ने कम्पनी की नीतियों की विस्तृत जानकारी देते हुए अपनी अन्य सहयोगी कम्पनी, जो जल एव विद्युत उत्पादो के अतिरिक्त सोलर, इण्टीरियर डेकोरेसन से संबधित उत्पादन एवं चिकित्सा क्षेत्र में दी जा रही सेवाओ के विषय के साथ भविष्य की योजनाओं से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में बडी संख्या में ग्राहकों एवं अधिकारियों की मौजूदगी उनके लिए गर्व की बात है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से केशव अग्रवाल, आर. के. चौधरी, राजेश भाटिया, शशि गुप्ता, पंकज मिश्रा, राजीव श्रीवास्तव, प्रशान्त श्रीवास्तव, रितेश श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, चंचल सिंह, अन्कुर सिंह, अवधेश मिश्रा, मुरली पाण्डेय, देवेश मिश्रा, राकेश यादव आदि ने कर्मवीरो को अपने संबोधन से गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम का संचालन अशोक आनन्द एवं मेजर अरविन्द कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के अन्त में राजेश अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कम्पनी को इस आकार तक पहुंचाने में अपने ग्राहको एवं सहयोगियों की महत्वपूर्ण भुमिका एवं योगदान है। इस कार्यक्रम को करने का मूल उद्दश्य हमारा कृतज्ञता व्यत्त करना एवं आशीर्वाद ग्रहण करना है। कार्यक्रम में प्रांजल सिंह की मधुर बांसुरी एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुती की गयी।

## महाकुंभ मे भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस का प्लान तैयार



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। महाकुंभ मेले में जाते समय जाम की समस्या को हल करने के लिए पुलिस ने रुट डाइवर्जन प्लान बनाया है। वाहनों के जाने के लिए बनी योजना के अनुसार पांच मार्ग से वाहनों को मेला क्षेत्र में भेजा जाएगा। दर्जन भर स्थानों पर सी सी टी वी कैमरे लगाए जाएंगे और ड्रोन कैमरे की भी मदद ली जाएगी।साथ ही मेले में जाते समय भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जगह जगह यात्रियों को ठहराने की भी व्यवस्था बनाई जा रही है। सोमवार को पत्रकारों को रुट डाइवर्जन और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बनाई गई योजना की जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा ने बताया कि महा कुंभ मेला में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मछलीशहर से ही प्रयागराज जाने वाले मार्ग को वन वे करने की योजना बनाई गई है।मछलीशहर से जंघई के रास्ते, उचौरा से नीभापुर, मुंगरा बादशाहपुर नगर में पकड़ी से होकर ,फिर तरहटी के रास्ते के अलावा सरोखनपुर से भूपियामऊ के रास्ते वाहन महा कुंभ मेले में वाहन जायेगे। मेले से वापसी में वाहन कोदहु ,गौरैयाडीह होते हुए इटरहा बार्डर पर हाइवे से होकर जौनपुर गोरखपुर जायेगें। मेले में भीड़ ज्यादा होने पर जगह जगह यात्रियों को ठहराने की व्यवस्था बनाई गई है।इसके साथ ही रास्ते में वाहनों की निगरानी के लिए दर्जन भर सी सी टी वी कैमरे और ड्रोन कैमरे की भी मदद ली जाएगी। सभी कैमरे कंट्रोल रूम के अलावा क्षेत्राधिकारी परमानंद कुशवाहा की मोबाईल से जुड़े होगे। जिससे भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

## उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने नए आउटलेट खोलकर बिहार में अपनी उपस्थिति का किया विस्तार

बिहार। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने सेमरा गोपालगंज, लालगंज, सरसी इस्तमरार और मेहसी बिहार में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इन लॉन्च के साथ ही बैंक ने बिहार में 244 बैंकिंग आउटलेट और देश भर में 1014 आउटलेट खोल लिए हैं। बिहार के सेमरा गोपालगंज, लालगंज, सरसी इस्तमरार और मेहसी के निवासियों को बैंकिंग उत्पादों के व्यापक सूट से लाभ मिलेगा, जिसमें बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा शामिल हैं। बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद भी प्रदान करता है, जैसे कि आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, ऋण, बीमा और निवेश उत्पाद। बैंक का बुनियादी ढांचा, डिजिटल बैंकिंग क्षमताएं और एटीएम नेटवर्क एक सहज बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करते हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, बिहार में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट हमारे नेटवर्क को मजबूत करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। ऐतिहासिक मोतिहारी क्षेत्र का हिस्सा मेहसी महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह से जुड़े होने के कारण प्रसिद्ध है, पूर्णिया जलालगढ़ किला और खूबसूरत काली मंदिर जैसे स्थलों का घर है। बिहार अपनी सांस्कृतिक समृद्धि और सामुदायिक भावना के लिए जाना जाता है। इन आउटलेट्स का खुलना इस जीवंत इलाके में विकास और विकास को बढ़ावा देते हुए गतिशील और तेजी से बढ़ती आबादी का समर्थन करने की हमारी यात्रा में एक कदम आगे है। ये बैंकिंग आउटलेट वंचित या कम आय वाले व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे, जिनकी वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। समूह ऋण के JLG मॉडल में एक सहकर्मी-गारंटी ऋण मॉडल शामिल है जो व्यक्तियों को व्यक्तिगत आधार पर संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने में सक्षम बनाता है, जबकि समूह के भीतर आपसी समर्थन के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा देता है और उनके ऋणों का शीघ्र पुनर्भुगतान करता है। ग्राहक बैंकिंग आउटलेट, माइक्रो एटीएम (बैंकिंग घंटों के दौरान), इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर जैसे विभिन्न चैनलों के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, बैंक ग्राहकों को टैबलेट-आधारित एप्लिकेशन-सहायता प्राप्त मॉडल, डिजी ऑन-बोर्डिंग के माध्यम से बैंकिंग आउटलेट पर जाए बिना बैंक खाता खोलने की सुविधा प्रदान करता है।

## 23 करोड़ से बनेंगे पांच नए पॉवर हाउस

**आजमगढ़(उत्तरशक्ति)**। बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पांच नए पॉवर हाउसों का निर्माण होगा। इस पर 23 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विभाग द्वारा सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्द ही काम भी शुरू होगा। नए उपकेंद्र बन जाने से 60 हजार से अधिक की आबादी लाभांवित होगी। उपभोक्ताओं तक निर्बाध बिजली पहुंचाने के लिए विभिन्न योजनाओं में जर्जर तार, पोल बदलने के साथ ही पॉवर व वितरण परिवर्तकों की क्षमता वृद्धि का काम चल रहा है। अब पांच नए पॉवर हाउसों की भी स्थापना होगी। इससे उपभोक्ताओं को ओवरलोड की समस्या से निजात मिलेगा। बिजनेस प्लान में वर्ष 2025-25 में कार्य कराए जाने के लिए विभाग ने बीते मई माह में प्रस्ताव बनाकर भेजा था। शासन की तरफ से मंजूरी दे दी गई है। पांच पॉवर हाउसों की स्थापना में 23 करोड़ रुपये खर्च होगे।

## माध्यमिक स्कूलों की छुट्टियों का कैलेंडर जारी

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)**। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने नए साल 2025 की छुट्टियों का कैलेंडर सोमवार को जारी कर दिया है। विभाग ने इस बार माध्यमिक विद्यालयों में बुद्ध पूर्णिमा की भी छुट्टी घोषित की है, जो 12 मई को पड़ रही है। इसके साथ ही इस साल कुल 30 दिन छुट्टी है। जबकि घोषित छुट्टी, रविवार व गर्मी की छुट्टियां मिलाकर कुल 119 दिन अवकाश रहेगा। जबकि बोर्ड परीक्षा के लिए 12 दिन आरक्षित हैं और कुल 234 कार्य दिवस होंगे। विभाग की ओर से जारी कैलेंडर में पिछले साल की तरह विवाहित महिला शिक्षिकाओं को करवा चौथ का अवकाश मिलेगा। जबकि क्षेत्र विशेष में हरितालिका तीज, हरियाली तीज, संकठा चतुर्थी, हलषष्ठी, ललई छठ, जिउतिया व्रत के लिए महिला शिक्षिकाओं को उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रधानाचार्य कोई दो छुट्टी दे सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने कहा है कि विशेष परिस्थिति में प्रधानाचार्य तीन दिन का विवेकाधीन अवकाश कर सकेंगे। राष्ट्रीय पर्व पर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शोक सभा केवल विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्रा के निधन पर ही होंगी। शोक सभा अंतिम घंटे (वादन) में की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा है कि महापुरुषों, स्वाधीनता आंदोलन के क्रांतिकारियों, समाज सुधारकों के जन्मदिवस पर विद्यालयों में कम से कम एक घंटे गोष्ठी, सेमिनार का आयोजन करें। छात्रों को ऐसे लोगों के व्यक्तित्व, कृतित्व व जीवन के प्रेरक प्रसंगों से अवगत कराएं।

## मैत्री महोत्सव में आध्यात्मिकता और समाज सेवा का संगम

मुंबई (उत्तरशक्ति)। आध्यात्मिक और सामाजिक संगठन मैत्रीबोध परिवार द्वारा आयोजित मैत्री महोत्सव ने आध्यात्मिक जागरूकता और सामाजिक उत्थान का संदेश दिया। महाराष्ट्र के कर्जत में आयोजित इस महोत्सव में 10,000 से ज्यादा लोग शामिल हुए। जबकि टीवी प्रसारण के माध्यम से लाखों लोगों ने इसे देखा। यह वार्षिक उत्सव हर साल 27 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसे 2019 में शुरू किया गया था।

महोत्सव के दौरान मैत्रीबोध परिवार की कई अनूठी पहलें पेश की गईं। मैत्री आदर्श ग्राम के जरिए ग्रामीण विकास पर जोर दिया गया, जबकि अर्थ एम्ब्रेस पहल ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया। इसके साथ ही, चिंता-मुक्त भारत नाम की नई पहल शुरू की गई, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए नचिकेत नामक वर्चुअल चैटबॉट जैसी तकनीकों का उपयोग कर लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं को हल करने में मदद करेगी। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में इस महोत्सव ने बड़ी उपलब्धियां दर्ज कीं। 850 से ज्यादा लोगों को नेत्र चिकित्सा दी गई और कई मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए गए। पहली बार रायगढ़ जिले में 18 घंटे के भीतर कृत्रिम अंग तैयार कर जरूरतमंदों को लगाया गया, जिससे कई लोगों की जिंदगी में नया आत्मविश्वास लौटा।

कार्यक्रम के दौरान मैत्रीबोध परिवार के संस्थापक और विजनरी मैत्रेय दादाश्री ने अपने संदेश में कहा, मैत्री महोत्सव प्रेम, जीवन और बदलाव का उत्सव है। हम भारत को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त राष्ट्र बनाना चाहते हैं। एक विश्व, एक परिवार। एक भारत, हम भारत। अपना मन हमें दीजिए, हम इसे बदलकर आपको लौटाएंगे। इस महोत्सव में स्मिता जयकर, काजल अग्रवाल और अन्य कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया। मैत्री महोत्सव न सिर्फ आध्यात्मिकता और समाज सेवा का प्रतीक है, बल्कि यह लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा

## पंखे से लटकता मिला विवाहिता का शव

**लाटघाट**। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के मझऊवां गांव में रविवार की सुबह एक घर में पंखे से दुपट्टे के सहारे विवाहिता का शव लटकता मिला। परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जीयनपुर कोतवाली मझऊवा गांव निवासी दीपक कुमार (28) अपनी पत्नी सीमा (21) के साथ दिल्ली रहता था। एक सप्ताह पूर्व वह पत्नी सीमा के साथ गांव आया था। घर पर वह अपनी पत्नी और मां आशा के साथ रह रहा था। शनिवार की रात खाना खाने के बाद सभी सोने चले गए। सीमा भी अपने कमरे में सोने चली गई।

## माहिम मखदूम शाह बाबा के 611 वें उर्स मुबारक में चादर शरीफ पेश की गई

**मुंबई**। मुंबई के माहिम में इन दिनों मखदूम शाह बाबा का 611 वां उर्स मुबारक चल रहा है। यहां उर्स के दौरान हजारों श्रद्धालु अपनी मन्नतें लेकर आते हैं और अपनी मुरादें पाते हैं। दरगाह शरीफ में उर्स की पहेली चादर मुंबई पुलिस की तरफ से परंपरागत चढ़ाई जाती है और मुंबई पुलिस द्वारा सलामी दी जाती है। उर्स के दौरान माहीम में मेला भी लगाया जाता है। मखदूम शाह बाबा दरगाह में मुंबई के अलावा कई शहरों से श्रद्धालुओं द्वारा चादर शरीफ भी चढ़ाई जाती है। इस मौके पर माहीम हाजी अली दरगाह के ट्रस्टी सोहैल खंडवानी के साथ दैनिक मुंबई हलचल के संपादक व अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के महाराष्ट्र अध्यक्ष और पत्रकार संघ वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलशाद एस खान, फ्लोरियन फाउंडेशन के संस्थापक अर्चना जैन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संस्थापक डा अजय एल दुबे, जावेद पारिख,एंकर सिमरन आहूजा, पवन चौधरी, शाइस्ता अंसारी, कल्पेश मेहता, शेखर मोदी, सनम पठान, पुनित भाई, पूजा वर्मा, रिजवान बैग, समेत कई लोग मौजूद रहे और माहीम मखदुम शाह बाबा दरगाह में चादर शरीफ पेश की गई, और दुआएं मांगी गई।



## शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया का कलेंडर वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



**मुंबई(उत्तरशक्ति)**। कांदिवली पूर्व स्टेशन के पास ही 29 दिसंबर रविवार सुबह 11 बजे ललित पाल के इस्माइल कालेज में शेफर्ड टाइगर फोर्स इंडिया का कलेंडर वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर शेफर्ड टाइगर फोर्स राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम पाल, मदर इस्माइल कालेज चेयरमैन ललित पाल सर,मुंबई अध्यक्ष शिक्षक अशोक पाल, महाराष्ट्र संयोजक लाल बहादुर पाल, महाराष्ट्र प्रवक्ता मंच संचालक मनोज पाल, मुंबई प्रभारी केवल प्रसाद पाल,कानूनी सलाहकार लालजी पाल, मुंबई महासचिव विनोद पाल, मुंबई संयोजक रामबाबू पाल, महाराष्ट्र मीडिया प्रभारी कृष्ण पाल, समाज सेवक चंद्रकांत शिंदे, नवभारत टाइम्स के पत्रकार शीतला प्रसाद सरोज, समाज सेवक घनश्याम यादव, उत्तराखंड से भाजपा मुंबई शैली अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोसाई, काशीवार्ता पत्रकार राजेंद्र पाल, राम कुमार पाल 64 फाउंडेशन सचिव संदीप पाल, जिला पालघर अध्यक्ष सुरेंद्र पाल राजबहादुर पाल समाज सेवक दहिसर मुंबई सचिव इंद्रमणि पाल विजय टेलर राष्ट्रीय धनगर महासभा मुंबई अध्यक्ष राज कुमार पाल, वरिष्ठ पत्रकार मनोज हितैषी, मनोज कुमार पाल, बडे लाल पाल, गुरुदेव मनी अमित पाल, दाजी मारकर, शिवा अरकारी, राजकुमार पाल , शिक्षक संतोष पाल, रामजी पाल राजेश पाल व अन्य समाज के लोग मौजूद थे।

## धनराजी पाल विद्यालय का 2024 रजत जयंती समारोह संपन्न

मुंबई(उत्तरशक्ति)। विक्रोली पश्चिम स्थित धनराजी पाल विद्?यालय पार्क साईट के प्रांगण में विद्यालय के रजत जयंती के अवसर पर वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन 28 दिसंबर 2024 शाम को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतोष घाटेकर वरिष्ठ पोलिस निरिक्षक, पार्कसाईट ठाणे, एड निलेश शिवाजी बागडे प्राध्यापक, जालिंदर सरोदे कार्यध्यक्ष महा.रा.शिक्षक सेवा, सुनिल सयाजी मोरे उपविभाग प्रमुख शिवसेना, विशाल आबासाहेब बंडगर, जयप्रकाश रामसुयश पाल उद्योगपती, राहुल चंद्रशेखर शुक्ल ब्लॉक प्रमुख जयसिंहपुर, सुवर्णा सावंत समन्वयक एन वार्ड, शिक्षण निरीक्षक, का विद्यालय के मुख्याध्यापक राजधारी सुखराज पाल के द्वारा शाल श्रीफल और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा गणेश सांस्कृतिक वंदना के साथ कार्यक्रम की सुरुवात की गई। तत्पश्चात भारतीय संस्कृति की सत्यता को दशार्ते हुए धर्म पर महाभारत नाटक विजय, लिंग समानता अधर्म पर नृत्य आदि रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों ने नृत्य और नाटक की शानदार प्रस्तुति देकर अभिभावकों का मन मोह लिया। शिक्षकों और अभिभावकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस प्रकार बड़े हर्षोल्लास के साथ छात्र, छात्राओं एवं विद्यालय के सभी अध्यापकों की उपस्थिति में एड सुमित चंदा राजधारी पाल ने आभार प्रकट किया तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।



## अग्रहरि समाज विकास सेवा संस्था का शपथ समारोह संपन्न



-राजकुमार अग्रहरि

मुंबई (उत्तरशक्ति)। नवी मुंबई द्वारा आयोजित कार्यक्रम शपथ ग्रहण समारोह बड़े-उल्हास के साथ संपन्न हुआ। जिसमें अशोक कुमार मोतीलाल गुप्ता दूसरी बार वाशी कमेटी अध्यक्ष पद पर नियुक्त के साथ शपथ लिया और इस वर्ष 2025 कलेंडर का आवरण किया। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय अग्रहरि वैश्य समाज के कार्याध्यक्ष बंकेश गुप्ता, अग्रहरि समाज विकास सेवा संस्था अध्यक्ष मुन्ना राजाराम अग्रहरि, अग्रहरि वैश्य सेवा समाज संस्था खार के संयोजक कमलेश कुमार अग्रहरि, अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रहरि, सायन कमेटी के अध्यक्ष शितला प्रसाद अग्रहरि, माटुंगा कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रहरि, भाईंदर कमेटी अध्यक्ष पदूम अग्रहरि, वसई विरार कमेटी से शिवकुमार अग्रहरि, दादर कमेटी से प्रकाश अग्रहरि, डोंबिवली कमेटी से अध्यक्ष सुरेश वैश्य, सायन कोलीवाड़ा कमेटी अध्यक्ष रामनारायण अग्रहरि, सचिव विजय कुमार अग्रहरि, उपसचिव राजकुमार अग्रहरि, कोषाध्यक्ष आषिस कुमार अग्रहरि सहित समाज के सभी मान्यवर पदाधिकारी, सदस्यगण उपस्थित हुए। सभी का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू विश' लॉन्च किया

**ठाणे (उत्तरशक्ति)**। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू विश' लॉन्च किया है, जो जीवन बीमा उद्योग का पहला स्वास्थ्य उत्पाद है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है। आईसीआईसीआई प्रू विश स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, गर्भाशय के कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के निदान के लिए स्वास्थ्य कवर राशि का 100% तक तुरंत भुगतान करता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि, इस स्वास्थ्य उत्पाद की प्रीमियम राशि 30 वर्षों तक स्थिर रहती है, जिससे ग्राहकों को अपने वित्तीय खर्चों की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है। इस प्रोडक्ट की एक और खास विशेषता है प्रीमियम हॉलिडे,यानी ग्राहक प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान 12 महीने तक किसी भी समय प्रीमियम का भुगतान न करने का विकल्प चुन सकते हैं।

इसके अलावा, यह उत्पाद ग्राहकों को मातृत्व संबंधी जटिलताओं और नवजात शिशुओं की जन्मजात बीमारियों से संबंधित कवर लेने का विकल्प भी प्रदान करता है। अमित पल्टा, चीफ प्रोडक्ट और डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, आईसीआईसीआई प्रू विश जीवन बीमा उद्योग का पहला स्वास्थ्य उत्पाद है, जिसे विशेष रूप से महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

गंभीर बीमारी के निदान पर मिलने वाला एकमुश्त भुगतान उन्हें ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए आर्थिक मजबूती देता है। 30 वर्षों के लिए प्रीमियम गारंटी देने के अलावा, इस उत्पाद को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि ग्राहकों को कुछ मेडिकल स्थितियों के लिए कई बार दावा करने की सुविधा मिलती है। ग्राहकों को मिलने वाला अतिरिक्त भुगतान उन्हें पुनर्वास खर्च को उठाने में मदद कर सकता है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा, 4 लोगों की मौत

**आगरा(उत्तरशक्ति)**। उत्तर प्रदेश के आगरा में एक भीषण हादसा हो गया है। यहां पर यमुना एक्सप्रेस-वे पर देर रात भीषण हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा थाना खंदौली क्षेत्र में हुआ है। यहां पर कैंटर और दो कारों के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। हादसे में कार सवार चार लोगों की जान चली गई, वहीं एक युवक की हालत गंभीर बताई गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए तत्काल ही अस्पताल भेजा है। कार सवार आगरा से दिल्ली जा रहे थे।